तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 19 जनवरी 2025



12 कर्मियों के लिए 6 करोड़ की लागत से बनेगी कॉलोनी





13 अंचल के विद्यार्थी प्रिज्म स्कूल में अध्ययन कर अपनी प्रतिभा निखार रहे: भूपेश











## खबर संक्षेप

### शराब पीने रुपए का डिमांड, तीन गिरफ्तार



**भिलाई।** शराब पीने रुपए का डिमांड करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(3), 119(1) 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मयंक सिंह ने शिकायत किया कि शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड करने वाले तीन आरोपी युवक प्रेम सिंह, अमनदीप सिंह, मलकित सिंह ने इंजीनियर मयंक के साथ मारपीट भी किया था। घटना में मयंक को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय दुर्ग में पेश किया गया है।

हाईवे पर सड़क हादसा : भिलाई-तीन और कुम्हारी थाना क्षेत्र की घटना

# सड़क हादसों में तीन ने गंवाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बाजार चौक भिलाई तीन निवासी सौम्या तिवारी 23 वर्ष घर से जिम जाने के लिए निकली थी। फोरलेन के सर्विस लेन सौम्या पैदल चलते हुए राम मंदिर के पास के जिम जा रही थी। इस दौरान जनता स्कूल मिडिल कट से थोड़ा पहले अज्ञात 16 चक्का वाहन ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सौम्या को अपने चपेट में लिया। हादसे में सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई। घटना 5.45-6 बजे की भोर की है। वाहन की ठोकर से सौम्या के सिर पर गंभीर चोट लगी थी। ठोकर मारने वाले वाहन के पहिए का निशान भी घटनास्थल पर साफ नजर आ रहा है। वाहन नेशनल हाइवे दुर्ग से रायपुर की ओर जा रही थी। अचानक जलाराम स्वीट्स भिलाई 3 के पास वाहन सर्विस लेन पर चालक उतार लिया। जहां से सौम्या को जोरदार ठोकर मार कर तुरंत वाहन को जनता स्कूल मिडिल कट से पहले मेन लेन में जाकर चालक फरार हो गया। सौम्या का लाश सड़क किनारे कुछ देर तक पड़ा रहा। आसपास के लोगों को जानकारी लगने पर परिजनों को खबर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तुरंत पीएम के लिए शव को शास्त्री अस्पताल सुपेला भेज दिया। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। जिसका अंतिम संस्कार परिजनों ने भिलाई तीन मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में किया गया। सौम्या तिवारी के पिता कमलेश तिवारी (भोला) का जगदम्बा स्वीटस नामक होटल भिलाई तीन में है। मृतका का आरटीओ में नौकरी की ज्वाइनिंग एक -दो दिन में होने वाली थी। जबकि सौम्या की बुआ प्रभा तिवारी आरटीओ विभाग में उप निरीक्षक है।

**पुलिस दोनों घटना की जांच में जुटी**



### खाना खाने जा रहे युवक-युवती की ठोकर से मौत

कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन चौक के पास रायपुर से दुर्ग की ओर आ रही कार सीजी 07 बीडी 6641 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सीजी 22 एम 4213 में सवार युवक हर्ष कुमार साहू और युवती नेहा भास्कर खारुन ग्रीन निवासी है। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात निवास से खाना खाने के लिए अपने एक्टिवा से कुम्हारी रेलवे स्टेशन के पास होटल जा रहे थे। इस दौरान कार चालक ने एक्टिवा सवार हर्ष और नेहा को जोरादार ठोकर मारने से सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों की मौत हो गई। हर्ष साहू अनूपपुर एमपी का रहने वाला है जो कुम्हारी में पीजी रुम में रहकर आईसीएफएआई वि.वि. में बीकाम की पढ़ाई करता था। वहीं बिलाईगढ के सारंगढ़ निवासी नेहा भास्कर रायपुर में रहकर मॉडलिंग किया करती थी। युवती अपनी सहेली के साथ हर्ष से मिलने खारुन ग्रीन पहुंचे थे। देर रात एक्टिवा में खाना खाने गए थे।



# मकान से पांच लाख के जेवरात पार, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मकान में ताला जड़कर रांची गए परिवार के मकान से अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 35 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त कर्मी कोमल सिंह सार्वा परिवार के साथ मकान में ताला जड़कर रांची गये थे। 16 जनवरी की सुबह किरायेदार विनिता साहू फोन कर जानकारी दी कि भीतर से आवाज आ रहा है। पीड़ित कता बेटा पीयूष कुमार शार्वा ने भतिजा सौरभ शार्वा को फोन कर घटना की जानकारी दी। सौरभ शार्वा मकान में जाकर देखने पर अज्ञात चोर फरार हो गया। वापस घर लौटने पर देखा कि मकान के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा पड़ा मिला। आलमारी से तीन नग सोने का हार, एक जोडी चांदी का पायल, सोने का सिक्का समेत जेवरात पार कर दिया। मकान से नगदी 20 हजार रुपए भी गायब मिला। उक्त जेवरातों की कीमत 4 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है। चोरी सामानों की कीमत 5 लाख रुपए रुपए आंकी गई है।


**एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज**
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ — सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


कोतवाली दुर्ग पुलिस का मामला

# नौकरी लगाने के नाम पर 17 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राजस्व विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग टीआई विजय यादव ने बताया कि करंजिया नवागांव पो चंदनू बेमेतरा निवासी खिबीराम को राजेश कुमार महिलांगे स्वयं को मंत्रालय से अच्छी पहचान का झांसा देकर राजस्व विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर

ग्राम व पोस्ट पदुमतरा तहसील व जिला राजनांदगाव निवासी राजेश कुमार महिलांग, 6/डी, बी-पाकेट मरोदा सेक्टर सुनील कुमार पटेल ने नौकरी लगाने के नाम पर 17 लाख रुपए लेकर ठगी किया है। रुपए देने के बाद राजेश ने बिलासपुर ले जाकर अपने दोस्त सुनील कुमार से मुलाकात कराया था। पीड़ित का सभी शैक्षणिक दस्तावेजो की एक प्रति सुनील को दिया। सुनील ने उसे झांसा दिया कि डाक द्वारा उसके घर ज्वाईनिंग लेटर पहुंचेगा। इसके बाद पीड़ित को ट्रेनिंग के बहाने सात दिनों तक बिलासपुर के मोपका कालोनी के मकान में रखा गया। लेकिन कोई ट्रेनिंग नहीं कराया गया। इसके अलावा चिल्हाटीखुर्द जिला बालोद निवासी चन्द्रप्रकाश भारती से भी दोनों आरोपियों ने 9 लाख रुपए नौकरी लगाने के लिए लेकर ठगी की है।

- राजस्व विभाग में नौकरी लगाने के नाम लिए था रुपए
- आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, घटना में दो आरोपी है शामिल

ईट भट्ठे के मालिक ने की पुलिस से शिकायत

# मजदूर सप्लाई के नाम पर 8.50 लाख की हेरा-फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई


ईट भठ्ठी में मजदूर सप्लाई के नाम पर करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

नंदिनी पुलिस ने बताया कि जनता क्वाटर डी/8 पदमनाभपुर निवासी एम अंकाबाबू चेन्नई में अपने मामा श्रीधर राव के साथ ईटा भटठा का संचालन करता है। हर वर्ष की तरह वर्ष 2024 में भी ग्राम पोटिया निवासी भीमसेन जोशी के द्वारा ईटा भटठा में काम करने मजदूर सप्लाई करने के एवज में 16 अगस्त से 19 दिसंबर 24 तक अलग अलग किश्तों 8 लाख 50 हजार रूपये लिया। मगर भीमसेन ने मजदूर सप्लाई तक नहीं किया न ही रुपए लौटा रहा है। मजदूर सप्लाई ठेकेदार भीमसेन जोशी के साथ पीड़ित का पुराना परिचय रहा है। भीमसेन जोशी से संपर्क करने पर मजदूरों की सप्लाई के लिए एडवांस में रकम का डिमांड करने पर उसे उक्त रुपए दिया गया था। समय बीतने के बाद भी रुपए नहीं लौटा है। परेशान होकर घटना की शिकायत पुलिस थाने में किया है।

- ठेकेदार ने मजदूरों को भेजा तक नहीं, जुर्म दर्ज

### मंदिर में चोरी, नगदी पार

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रियदर्शनी परिसर पूर्व में स्थित शिवधाम मंदिर में अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर स्टील अलमारी से पूजारी का 6500 सौ नगद लेकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पंडित कमलेश द्विवेदी ने विकास समिति को दी। समिति के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने सुपेला पुलिस को घटना की शिकायत की है।




KHALSA PUBLIC SCHOOL
DONGARGARH
(CHHATTISGARH)
(C.B.S.E. School)

CBSE Affiliation No. : 333059
School Code : 15130

WE ARE HIRING!



VACANCY

PGT- English, Commerce Stream (Salary - 30K to 35K per month)
P.G. in Relevant Subject + B.Ed + 5 Years Experience
TGT - English, Social Studies (Salary - 22K to 27K per month)
Graduation in Relevant Subject + B.Ed + 5 Years Experience
Primary- English, Social Studies (Salary - 10K to 15K per month)
Graduation + D.El.Ed. + 5 Years Experience

* Candidates for teaching position should be fluent in English, must have excellent academic record and should have working knowledge of computer, and relevant work experience will be preferred.
E-mail your complete biodata with documents and colour photo, (same can also be dropped in school office) before 25th of January 2025
* Only short listed candidates will be called for interview.
E-mail your resume at - khalsaschool.dgg@gmail.com

APPLY NOW!
SEND YOUR C.V. @
NEAR GURUDWARA, BUDHWARI PARA, WARD NO. 13, DONGARGARH. DIST - RAJNANDGAON, PIN - 491445
Khalsaschool.dgg@gmail.com
Contact :- 9425560092 / 7470870092 / 07823233772
or visit : khalsapublicshool.com


### मांझे की चपेट में आने से सफाई कर्मी घायल

**भिलाई।** प्रतिबंधित के बाद भी शहर में चाइनीज मांझे का अवैध कारोबार बेखौफ तरीके से जारी है। जिसके कारण फिर एक हादसा हो गया। टाउनशिप में सफाई कर्मी महिला का हाथ मांझे से कटने से घायल हो गई है। जिसे उपचार के लिए तुरंत शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा गया। महिला का नाम चैती बाई है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह सेक्टर 1 में सफाई कर्मी चैती बाई का मांझे से हाथ कट गया। घायल चैती बाई के मुताबिक सुबह सफाई का काम कर रही थी। तभी कचरा कलेक्शन के समय अचानक कहीं से पतंग कटकर उसके ऊपर आ गिरा। उसमें चाइनीज मांझा लगा था। मांझे को अपने ऊपर से निकालने लगी। तभी एक बाइक सवार गुजरा तो मांझा उसमें फंसकर खिंचा गया। मांझा खिंचने से महिला का हाथ कट गया। वहीं बाइक सवार भी उसमें फंसकर गिर पड़ा उसे भी चोट आई, लेकिन हादसा के बाद वो वहां से बाइक सवार निकल गया।

**खबर संक्षेप**



## सफाई कर्मियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

दुर्ग। राज्य शासन के पहल से स्वच्छता के क्षेत्र में सभी निकायों में सहरानीय कार्य निरंतर किये जा रहे हैं, इस कार्य को सफल बनाने सभी सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य पर शासन द्वारा उचित ध्यान भी दिया जा रहा है। कलेक्टर निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत सभी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से किया जा रहा है। शनिवार को विशेष शिविर के माध्यम से एमएमयू क्र 3 को वार्ड 60 कातुलबोड़ बटालियन एसएलआरएम सेंटर में लगाया गया जहाँ सभी स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। युनिट के मेडिकल ऑफिसर डॉ रजित ध्रुव ने सभी दीदियों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए विभिन्न जांच बीपी शुगर, थाइरॉइड, विटामिन सहित अन्य जांच करवाए। वाहन में 30 से अधिक प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा होने के साथ साथ डॉक्टर व निशुल्क दवा की भी सुविधा है।

## डॉ. विजयलक्ष्मी को मिला नेशनल बेस्ट टीचर अवॉर्ड



**भिलाई।** जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की प्रोफेसर डॉ. विजयलक्ष्मी घोष को माइक्रोबायोलॉजी की फील्ड में बेस्ट नेशनल सीनियर टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड उन्हें माइक्रोबायोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के नेशनल कॉन्फ्रेंस में दिया गया। कार्यक्रम दौलत ऊषा इंस्टीट्यूट वलसाड़ गुजरात में हुआ, जिसमें देशभर से आए माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञ शामिल रहे। कार्यक्रम में डॉ. घोष द्वारा की जा रही रिसर्च को स्लाइड शो के जरिए प्रदर्शित किया गया। माइक्रोबायोलॉजी सोसाइटी ने हाल ही में देशभर के प्रोफेसर्स ने आवेदन मांगे थे। हजारों आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद जीडी रूंगटा कॉलेज की डॉ. घोष ने इस अवॉर्ड के लिए अपनी जगह बनाई। उनकी रिसर्च के लिए एमएसएमई ने 13.5 लाख रुपए का अनुदान भी जारी किया है। डॉ. घोष को मिली कामयाबी पर रूंगटा ग्रुप के चेयरमैन संतोष रूंगटा, डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, सोनल रूंगटा, डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया, डायरेक्टर डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. एडविन एंथोनी, डॉ. मनोज वर्गीस, डॉ. संजीव शुक्ला और प्राचार्य डॉ. नीमा एस बालन ने हर्ष व्यक्त किया। डॉ. घोष पिछले लंबे समय से कॉलेज में सेवाएं दे रही हैं।

# चुनाव प्रभारी ने कहा : नए चेहरे और कर्मठ कार्यकर्ता को देंगे टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव के तहत जिले के प्रभारी व पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि, कांग्रेस मेयर और पार्षद के लिए नए चेहरे को टिकट देगी। उन्होने कहा टिकट की पात्रता वो ही रखेगें जो पार्टी में सक्रियता से काम कर रहे हैं। उन्होने आगामी दो दिन के अंदर शहर के साठ वार्ड में पर्यवेक्षक गठन कर सूची भेजने के निर्देश दिए है।

उन्होने कहा वार्ड में पर्यवेक्षक द्वारा ही दावेदारों के बीच रायशुमारी कर नाम भेजे जाएंगे। भाजपा के मुकाबले तैयारी में पिछे चल रहे कांग्रेस संगठन ने भी अब शुरूआत कर दी है। शनिवार को दुर्ग स्थित राजीव भवन में चुनाव प्रभारी विकास उपाध्याय ने संगठन की बैठक लेकर चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। उन्होने कहा सभी को मिलकर चुनाव लडना हैं और भारी मतो से जीत हासिल करनी है। उन्होने कहा लोकसभा और विधानसभा चुनाव से ज्यादा कठिन निगम चुनाव होता है। क्योकि इसमें एक लिमिट समुदाय को फेस करना होता है और यहां बिजली, पानी और नाली जैसे बुनियादी सुविधा की चर्चा होती है। इस दौरान पार्षद और मेयर के लिए लोगों ने उनके सामने दावेदारी पत्र में पेश किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, आरएन वर्मा, राजेश यादव, पूर्व मेयर शंकर ताम्रकार, अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजेन्द्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिले के नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी ने ली संगठन की बैठक

### वोरा ने भाजपा पर साधा निशाना

बैठक में महापौर पद और 60 वार्डों के पार्षद पद के दावेदारों ने अपने आवेदन पत्र जिला कांग्रेस कमेटी और पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय को सौंपे। उन्होंने कहा पार्टी प्रत्येक वार्ड में प्रभारियों की नियुक्ति करेगी, जो हर वार्ड में बैठकों का दौर शुरू करेंगे। उपाध्याय ने यह भी साफ कर दिया कि, टिकट उसी को दिया जाएगा। जिसने पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण दिखाया हो। पूर्व विधायक ने कहा, ₹प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद विकास कार्य ठप हो गए हैं। कांग्रेस शासनकाल में जो ऑडिटोरियम, स्वास्थ्य सुविधाएं और करोड़ों के विकास कार्य हुए, भाजपा अब उन्हीं का फीता काटकर वाहवाही लूट रही है।



### बैठक के बीच पूर्व पार्षद मदन भिड़ गए

बैठक में चुनाव प्रभारी विकास उपाध्याय के सामने पूर्व पार्षद मदन जैन वार्ड 39 निवासी महिला व पूर्व पार्षद शकुन ढीमर से भिड गए। मदन जैन वार्ड 31 से पार्षद रहे है, लेकिन वर्तमान में उनका वार्ड महिला हो गया हैं। ऐसे में वे वार्ड 39 में चुनाव लडना चाह रहे हैं। इस बीच उन्होने वार्ड 39 निवासी शकुल ढीमर को बैठक में दावेदारी फार्म जमा करते देख भडक गए। उन्होने पूर्व महिला पार्षद को वार्ड 38 से लडने कह रहे थे, लेकिन शकुन ढीमर 39 से ही लडने डटी रही। वार्ड 39 सामान्य के लिए हैं। शकुन ढीमर ने बताया कि, मदन जैन उन्हें वार्ड 39 से नही लडने का दबाव बना रहे हैं। उन्होने कहा मैने कांग्रेस से पार्षद की दावेदारी कर दी हैं।

**तैयारी : जिला निर्वाचन आयोग द्वारा 18 जनवरी को किया गया अंतिम प्रकाशन**

# दोबारा पुनरीक्षण से शहर में 4408 और गांव में बढ़े 7868 मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा दुसरी बार अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। विगत 31 दिसंबर को किए गए प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 6 जनवरी तक शहर में जहां 4408 मतदाता बढे है, वही पंचायतों में 7868 मतदाताओं की बढोत्तरी दर्ज की गई है। बहरहाल माना जा रहा है कि अब सीधे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तिथि जारी करेगी।

उल्लेखनीय हैं कि, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए 22 नवंबर 2024 को अंतिम प्रकाशन की तिथि निर्धारित की थी। हांलाकि बाद में इसे 27 नवंबर कर दिया गया है। इसके बाद सीधे 11 दिसंबर को अंतिम प्रकाशन किया गया था। हांलाकि इसके बाद फिर से मतदाता सूची का पुनरीक्षण किए जाने की अधिसूचना जारी की गई थी। जिसके अनुसार विगत 31 दिसंबर को प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था। दूसरे चरण के तहत होने वाले इस मतदाता पुनरीक्षण के लिए नाम जोडने का मौका 6 जनवरी तक दिया गया था, वहीं अंतिम प्रकाशन 11 जनवरी को करना था। लेकिन इसमे भी तिथि बढाकर 15 जनवरी कर दी गई। वही अंतिम बार इसे फिर 18 जनवरी करने के बाद अंततः सूची जारी कर दी गई हैं।

## जिला निर्वाचन आयोग ने 18 जनवरी को निकाय और पंचायत का किया अंतिम प्रकाशन



### निकायों में महिला से ज्यादा पुरूष

जानकारी अनुसार नगरपालिका निगम दुर्ग के साठ वार्ड में पुरूष 120792 महिला 114855 हैं, यहां टोटल मतदाता 235668 हैं। इसी तरह भिलाई निगम में होने वाले दो वार्ड के उपचुनाव में पुरूष 5699 महिला 5649 टोटल 11348 हैं। निगम रिसाली के एक वार्ड में पुरूष 1053 महिला 1143 टोटल 2196 हैं। भिलाई चरौदा निगम के एक वार्ड में पुरूष 1154 महिला 1162 टोटल 2316 हैं। परिषद अहिवारा के पन्द्रह वार्ड में पुरूष 8044 महिला 8518 टोटल 16562 हैं। अमलेश्वर परिषद के अठारह वार्ड में पुरूष 6347 महिला 6228 टोटल 12575 हैं। कुम्हारी परिषद के चौबीस वार्ड में पुरूष 15552 महिला 15751 टोटल 31304 हैं। नगर पंचायत धमधा के पन्द्रह वार्ड में पुरूष 3841 महिला 4184 टोटल 8027 हैं। नगर पंचायत पाटन के पन्द्रह वार्ड में पुरूष 4878 महिला 4465 टोटल 8543 हैं। नगर पंचायत उतई के पन्द्रह वार्ड में पुरूष 3913 महिला 4203 टोटल 8116 हैं। इस तरह दसों निकाया में टोटल पुरूष 170473 और महिला 166158 टोटल 3 लाख 36655 हैं।

### पंचायत में महिलाओं का रहेगा दबदबा

अंतिम प्रकाशन के आंकडों के अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग के 73 वार्ड में पुरूष 80680 महिला 82147 टोटल 162831 जनपद पंचायत धमधा के वार्ड 119 में पुरूष 83511 महिला 82637 टोटल 166149 जनपद पंचायत पाटन के वार्ड 108 में पुरूश 83364 महिला 84369 टोटल 167733 है। इस तरह तीनों जनपद में पुरूष 247555 महिला 249153 है। इस तरह जिले के पंचायतों में टोटल 4 लाख 96713 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेगें।

**जारी किया गया**

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जनवरी को कर दिया गया हें। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तैयारियां कर ली गई हैं।
**-विरेन्द्र सिंह,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग

# कर्मियों के लिए 6 करोड़ की लागत से बनेगी कॉलोनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- विधायक गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन

पिछले 6 दशक पूर्व बने दुर्ग शहर के दो स्थान पर जर्जर कॉलोनी का नवनिर्माण किया जाएगा। मोहन नगर स्थित सिंचाई कॉलोनी में आज इसका विधायक गजेन्द्र यादव ने भूमिपूजन किया। सिंचाई विभाग के कर्मचारियों के परिवार की बरसों पुरानी मांग रही है, जिसका शनिवार को भूमिपूजन किया गया।

सिंचाई विभाग के कर्मियों का कहना है कि, 1965 में बने कॉलोनी के नवनिर्माण के बारे में पहली बार किसी विधायक ने गंभीरता दिखाई और उस पर पहल करते हुए शासन से राशि स्वीकृत कराये इसके लिए विधायक का कर्मचारी परिवार ने आभार जताया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा विष्णुदेव साय सरकार में दुर्ग के विकास में फंड की कोई कमी नहीं होगी। इसकी प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गारंटी दी है। दुर्ग शहर का सबसे पुराने सिंचाई विभाग का कॉलोनी के नवनिर्माण में मेरी सहभागिता होना मेरे लिए गर्व की बात है। खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में दुर्ग के विकास हेतु सरकार से स्वीकृति मिल रही है। नागरिकों के मांग अनुरूप शहर के सभी वार्डों में सड़क और नाली निर्माण हेतु भूमिपूजन पश्चात कार्य प्रगति पर है। कर्मचारियों ने बताया कि, मोहन नगर सिंचाई कॉलोनी में जी टाइप तथा सिविल लाइन कसारीडीह में एफ टाइप कॉलोनी के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। विधायक ने शासन से 6 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई हैं। जिससे सुविधायुक्त कॉलोनी का नवनिर्माण किया जाएगा। भूमिपूजन में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पार्षद कांशीराम कोसरे, मनीष साहू, देवनारायण चंद्राकर, शिवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, कमलेश फेकर, मनमोहन शर्मा, लक्ष्मीकांत दुबे, उमेश यादव, संदीप भाटिया, किशोर अहिरवार, दिनेश नलोडे, ईई आशुतोष सारस्वत, सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी के परिवारजन उपस्थित रहे।

# डीएव्ही मॉडल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी, चलित व स्थाई मॉडल का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- विभिन्न प्रतियोगिता का किया आयोजन

डीएव्ही मॉडल हायर सेकण्डरी स्कूल आर्यनगर दुर्ग में विद्यार्थियों की प्रतिभा को विकसित करने हेतु दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी, रंगोली, सलाद प्रतियोगिता, गुलदस्ता, चित्रकला, अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग जैसे विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रायमरी , मिडिल , हाईस्कूल व हायर सेकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । जिसमे मुख्य अतिथि आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल , उपाध्यक्ष विनित श्रीवास्तव , सचिव संतोष शर्मा एवं संस्था की प्राचार्या श्रीमती रम्मी सिंग उपस्थित थे। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनीत बंसल ने किया । इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ - साथ बौध्दिक क्षमता को विकसित करना है। आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान ने आज मनुष्य को उन्नति के चरम शिखर पर ले जाकर खड़ा कर दिया है। तरह - तरह की आधुनिक वैज्ञानिक खोजो के बल पर मानव ने प्रकृति को भी अपने वश में कर लिया है। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी में वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से जल का सदुपयोग, थरमल पॉवर के माध्यम से विद्युत उत्पन्न कला, सहित चलित व स्थाई मॉडल को प्रदर्शित किया गया। रंगोली व चित्रकला के माध्यम से बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओं सहित घर के अनुपयोगी वस्तुओं से विभिन्न सौंदर्य व सजावटी वस्तु बनाने की कला को प्रदर्शित किया गया। जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा । इस प्रकार के विभिन्न प्रतियोगिता व प्रदर्शनी के आयोजन करने पर पालकगणों के द्वारा सराहना की।

# चित्रकला भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- हर साल आयोजित किए जाते हैं प्रतियोगी परीक्षा

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रति वर्ष देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार द्वारा आयोजित किया जाता है। यह परीक्षा विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रही है। इस प्रतियोगिता परीक्षा से विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अनुभव प्राप्त करते हैं। इस परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष पुरस्कार राशि तथा शील्ड के माध्यम से सम्मानित किया जाता है।

इस वर्ष साइंस कॉलेज दुर्ग की छात्रा कु चित्रकला बीएससी तृतीय ने जिला स्तर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कु डोमेश्वरी बीएससी की छात्रा ने ब्लॉक स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय स्तर पर गौरव कुर्रे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा देवेंद्र कुमार ने महाविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना, गायत्री परिवार के जिला संयोजक धीरज लाल टांक, संयोजक तथा संस्कृत के प्राध्यापक जनेंद्र कुमार दीवान उपस्थित थे।

## विधायक की पहल पर दिव्यांग को मिला ट्राईसिकल

**दुर्ग।** दिव्यांग संतोष यादव को अब कहीं भी आने जाने में कोई परेशनी नहीं होगी। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से मिले नये ट्राईसाईकिल से स्वंय आ जाकर अपना काम कर सकेंगे। दिव्यांग ने गजेन्द्र यादव से मिलकर ट्राईसाईकिल की समस्या बताई थी। उन्हें हमेशा दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस पर विधायक गजेन्द्र यादव ने इनकी समस्या को देखते हुए समाज कल्याण विभाग को पत्र लिखकर वार्ड 50 बोरसीभाठा निवासी संतोष यादव को दिव्यांग को ट्राईसाईकिल प्रदान किए।

**DELHI PUBLIC SCHOOL, BHILAI**
(Under the aegis of the Delhi Public School Society, Delhi)
RISALI SECTOR, BHILAI (CHHATTISGARH) 490006
(Co-Educational, English Medium CBSE Affiliation no. 3330009)
E-mail: principal@dpsbhilai.in | Website: www.dpsbhilai.in
**ADMISSION NOTICE FOR 2025-26**
**Online Registration** for admission to class Nursery from **26 Jan.** and for class KG-1 from **20 Jan. 2025.**
Details are available on our website **www.dpsbhilai.in**
The child must be born from **01 April 2020 to 31 March 2021** for class **KG-1** and from **01 April 2021 to 31 March 2022** for class **Nursery**.
Online Registration is Open For Classes IX & XI also. PRINCIPAL

**जांच कमेटी की रिपोर्ट पर बैंक ने दोषियों पर की कार्रवाई**

# सहकारी बैंक में 4.87 करोड़ का घोटाला, नौ कर्मी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- 4 समिति प्रबंधक और 3 पर्यवेक्षक शामिल

जिला सहकारी बैंक के 16 समितियों में 4 करोड़ 87 लाख 11 हजार से ज्यादा के घोटाले का मामला प्रकाश में आया हैं। यह कार्यवाही जांच टीम के रिपोर्ट के आधार पर अपने ट्रांसफर के पहले तत्कालीन सीईओ द्वारा कलेक्टर व प्राधिकृत अधिकारी की अनुशंशा पर किया गया हैं। माना जा रहा है कि, पहली बार निलंबन के बजाय सीधे घोटाले में संलिप्त कर्मियों को बर्खास्त करने की कार्यवाही से खलबली मच गई हैं।

जानकारी अनुसार करीब सोलह सोसायटी के 9 लोगों को बर्खास्त किया गया है। जिनमें 4 समिति प्रबंधक और 3 पर्यवेक्षक भी शामिल हैं। वहीं लंबी अवधि तक बिना सूचना ड्यूटी से गायब रहने वाले दो भृत्यों को भी सेवा मुक्त कर दिया गया है। सभी मामलों की जांच और सुनवाई के बाद बैंक के स्टॉफ उप समिति की अनुशंसा पर यह कार्रवाई की गई है। आर्थिक अनियमितिता के मामले में एफआईआर दर्ज कराने और राशि की वसूली के लिए न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराने की भी अनुशंसा की गई है। जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के मुताबिक आर्थिक अनियमितता के ये मामले वर्ष 2016 से वर्ष 2023 के बीच के हैं। जांच में गड़बड़ी प्रमाणित होने पर संबंधित कर्मी का पक्ष भी लिया गया था। जिसमें दोषियों ने गड़बड़ी करना स्वीकार किया। दोषियों को घोटाले की राशि जमा करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन नहीं कराई। इसके बाद ये सभी मामले में 20 दिसंबर को स्टॉफ उप समिति में रखे गए। इसमें सभी मामलों पर अलग-अलग विचार कर सभी के खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई का फैसला किया गया। कर्मचारियों को बैंक कर्मचारी सेवा नियम 57 (एक) (द) के तहत सेवा मुक्त किया गया है।




### इन पर गिरी कार्यवाही की गाज

जांच रिपोर्ट के अनुसार बैंक द्वारा शेष नारायण टोंड्रे समिति प्रबंधक नवागढ़, हटहाडाड़ू और अंधियारखोर समिति में पदस्थ रहने के दौरान 1 करोड़ 77 लाख 47 हजार 278 रुपए की गड़बड़ी की। श्याम सुंदर कश्यप समिति प्रबंधक मारो के समिति मारो और गुंजेरा में 92 लाख 90 हजार 903 रुपए की आर्थिक अनियमितिता। रामजी खांडे शाखा प्रबंधक नवागढ़, बालसमुंद से सबद्ध समितिं संबलपुर में पदस्थ रहने के दौरान, 9 लाख 92 हजार 961 रुपए की गड़बड़ी। डेरहाराम जोशी समिति प्रबंधक नवागढ़ से संबद्ध समिति रनबोड़ और प्रतापपुर में 25 लाख रुपए की धांधली। हीराधर मैत्री पर्यवेक्षक देवकर, शाखा थानखम्हरिया के खैरझिटी में 87 लाख 63 हजार 843 रुपए की आर्थिक अनियमितता। दीनबंधु पटेल पर्यवेक्षक, साजा और थानखम्हरिया से संबद्ध समिति साजा और हाटरांका में पदस्थी के दौरान 48 लाख 71 हजार 22 रुपए की अनियमितता। सतीश यादव पर्यवेक्षक देवरबीजा, समिति साजा और केवतरा में पदस्थी के दौरान 18 लाख 26 हजार 929 रुपए की गड़बड़ी। राजाराम वर्मा लिपिक, शाखा नवागढ़ में पदस्थापना के दौरान चेक क्लीयरिंग नहीं होने के बाद भी भुगतान कर 5 लाख 68 हजार 513 रुपए और मारो में पदस्थी के दौरान 18 लाख 85 हजार 903 रुपए की गड़बड़ी। कल्याण सिंह ध्रुवे लिपिक बालोद में पदस्थी के दौरान अमानत में खयानत का मामला, राशि 2 लाख 64 हजार 200 रुपए (राशि जमा) पाया गया।

### आवास लोन मामले में चुप्पी

जिला सहकारी बैंक के बेमेतरा के देवकर और मुरमुंदा शाखा और नगपुरा ब्रांच में गडबडी पाई गई थी। पूर्व में किए गए जांच अनुसार देवकर शाखा में 11 लाख रूपए का घोटाला कर बैंक को नुकसान पहुंचा गया है। तत्कालीन शाखा प्रबंधक राकेश सैनिक द्वारा किया गया था। जिन्हें दोषी बताया गया है, जो वर्तमान में नगपुरा में शाखा प्रबंधक है। इसी तरह शाखा मुरमुंदा में भी आठ लाख राशि ढकार कर खाता को एनपीए किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा को खाता एनपीए होने परदोषी बताया गया है, जो वर्तमान में बोरसी शाखा प्रबंधक है। वही नगपुरा ब्रांच में भी दाई करोड का आवास ऋण घोटाला है। इन सभी की पूर्व में जांच हो चुकी हैं। लेकिन कार्यवाही नही हुई हैं।

स्वदेशी खादी महोत्सव
भव्य पारिवारिक प्रदर्शनी एवं बिक्री
बिहार- भागलपुरी सिल्क, सूट, साड़ी, जम्मू काश्मीर- काश्मीरी सिल्क साड़ी,सूट, आसाम- आसाम सिल्क साड़ी, सूट, उत्तर प्रदेश- बनारसी सिल्क साड़ी,सूट, आन्द्रप्रदेश- पोचमपल्ली पटोला साड़ी, सूट, उत्तर प्रदेश- लखनवी चिकन वर्क सूट टाप मध्य प्रदेश- चंदेरी सूट, छत्तीसगढ़- कोसा सिल्क मटेरियल साड़ी गुजरात- हैंण्डीक्रॉफ्ट बैग, पश्चिम बंगाल - जूट बैग, जीन्स बैग दिल्ली- लेदर बैग, राजस्थान - टॉप, सूट, साड़ी, मोजरी केरला- साड़ी, सूट, पंजाब- फुलकारी वर्क, जयपुर- ज्वेलरी
वेल्डेक्स ग्राउण्ड, कला मंदिर के सामने, सिविक सेंटर,भिलाई
समय: सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक
Deepak Ad.

## खबर संक्षेप



### पिछड़ा वर्ग ने किया पर्यावरणविद् का सम्मान

**अंडा।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने भारी संख्या में रावण भाटा दशहरा मैदान में वृक्षारोपण करने वाले पर्यावरण विद् सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारी भूख लाल वर्मा का दशहरा मैदान में सम्मान किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि अगर ऐसे ही शख्स हर जिला तहसील मजरा टोला पारा मोहल्ला ग्राम में हो जाए तो हमें प्रदूषण का दंश नहीं झेलना पड़ेगा। इस अवसर घासीराम साहू, सुरेश नेताम, गोपाल वर्मा, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रामाधार साहू, आरडी वैष्णव, किशुन वर्मा, चंद्रेश देवांगन, महेंद्र वर्मा, नरेंद्र पटेल, बादल निर्मलकर, एचडी बंजारे, नंद कुमार सिन्हा, संतोष जायसवाल, घनश्याम फूटान, वरुण निर्मलकर, कुंभ निर्मलकर, राकेश सपहा, गिरीश यदु, नरेंद्र सोनकर बधाई देकर सम्मान किया।

### लोककला महोत्सव आज से

**सेलूद।** ग्राम धौराभांठा में दो दिवसीय लोककला महोत्सव का आयोजन गुरुप्रेम शारदा सेवा जस झांकी मंडली द्वारा किया गया है। दो दिवसीय लोककला महोत्सव में देवी जस गायन, झांकी, फाग, रामधुनी, सुवा नृत्य की प्रस्तुति होगी। साथ ही गांव का मंडाई मेला 20 जनवरी को रात्रि में नाचा का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि जितेंद्र वर्मा, अध्यक्षता टीआर यादव, विशेष अतिथि पारखत साहू, ज्योतिप्रकाश साहू, राजेश्वरी चंद्राकर होंगे।

### कबड्डी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**अंडा।** नव ज्योति क्रीड़ा व सांस्कृतिक समिति एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम कोनारी के तत्वावधान से कबड्डी प्रतियोगिता, मंडई एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम 19 जनवरी को रखा गया है। कबड्डी उद्घाटन समारोह अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, ग्राम पंचायत कोनारी सरपंच भरत चन्द्राकर, कबड्डी संघ पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश भारदीय, लिकेश्वर देशमुख , उपसरपंच मनीलाल ठाकुर, बीआर साहू, तालम चन्द्राकर, बालाराम साहू कोनारी होंगे। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, केशव (बंटी) हरमुख, क्षिजित चन्द्राकर, टिकेश्वरी देशमुख, प्रदीप चन्द्राकर, हेमंत चन्द्राकर, कलित राम ठाकुर, योगेश चन्द्राकर, प्रताप विश्वकर्मा उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### डी दमयंती

**भिलाई।** श्रीजगन्नाथ मंदिर



सेक्टर-4 के कोषाध्यक्ष डी त्रिनाथ पात्रो की माताजी डी दमयंती (85 वर्ष) का निधन शनिवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान स्ट्रीट न.4-A / हाउस नंबर-47, मैत्री नगर से रिसाली मुक्तिधाम में किया गया।

**आयोजन : सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण**

# विद्यार्थी अपने माता-पिता के खून-पसीने की कमाई पर ईमानदारी से पढ़ाई कर दें रिटर्न गिफ्टः दर्शन प्रभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

मनोहर कीर्ति शिशु जैन साध्वी त्रय दर्शन प्रभा, ज्ञान प्रभा, चारित्र प्रभा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर पहुंच कर डॉ. हेडगेवार सभागार में विधार्थियों को परीक्षा पर मार्गदर्शन दिए। परीक्षा के लिए मोटिवेट किए। जैन साध्वी त्रय ने समवेत स्वर में कहा कि स्वच्छ भारत संस्कारी भारत के निर्माण में विधार्थियों की अहम भूमिका होती है। आज का बच्चा कल का भावी नागरिक है। खान-पान शयन जागरण पर पैनी नजर रखे। प्रकृति अनुकूल दिनचर्या बनाए। योजना बद्ध एकाग्रचित होकर मंजिल की ओर आगे बढ़े। प्रारंभ में विधार्थियों ने महामंत्र नवकार सामूहिक पाठ कर जैन साध्वियों का स्वागत किए। अंत में जैन साध्वियों ने मंगलपाठ के साथ आशीर्वाद प्रदान किए।



**ईमानदारी से मेहनत करें**

जैन साध्वी दर्शन प्रभा ने कहा कि बच्चे माता-पिता के खून पसीने की कमाई से होने वाली अपनी पढ़ाई पर पूर्ण ध्यान केंद्रित कर ईमानदारी से मेहनत करें। माता-पिता को होनहार बनकर रिटर्न गिफ्ट अवश्य दे। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता का सपना होता है उनका संतान होनहार बने, दोस्ती यारी कुसंगत में फंसकर अपना भविष्य और माता-पिता का सपना बर्बाद नहीं करे। ईमानदारी से मेहनत करने वालों की मेहनत रंग लाती है।

**अक्ल लगाए नकल नहीं करें**

जैन साध्वी ने कहा कि गुरु का ज्ञान प्रकाश की भांति जीवन पथ से अंधेरा हटाता है। पढ़ाई में अक्ल लगाए नकल से परहेज करे ।अक्ल ही जीवन संवार सकती है नकल तो अपमान की खाई पैदा करती है।बच्चे विद्यार्थी जीवन की महत्व को समझे उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करे। अभी वक्त की तकाजा नहीं समझ पाए तो भविष्य डगमगाती है। सफलता के लिए आत्मविश्वास होना चाहिए। साध्वी ने स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को लक्ष्य युक्त पढ़ाई के लिए मोटिवेट किए।

**सत्य की राह में चलकर लक्ष्य प्राप्त करे**

जैन साध्वी चारित्र प्रभा ने कहा कि सत्य का मार्ग में चलने की आदत बनाना चाहिए। सत्य मार्ग पर चलने वालों की परीक्षा होती है और परिणाम भी अच्छा आता है।उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जानते है सत्य मेव जयते।सत्य की सदा जय विजय होती है। परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के लिए तैयारी श्योर प्योर और क्योर होनी चाहिए।

## मोबाइल में लॉक ना करें पति-पत्नी एक दूसरे के प्रति ईमानदार जीवन जिएंः जैन साध्वी

**जामगांव आर।** मनोहर कीर्ति शिशु तीन ठाना जैन साध्वी दर्शन प्रभा, ज्ञान प्रभा, चारित्र प्रभा का जामगांव आर आगमन हुआ। जैन भवन जामगांव आर में प्रवचन लाभ बड़ोदरा जैन संघ सदस्य स्वीटी संचेती, हर्ष संचेती बटरेल जैन, संघ सदस्य गौतम चंद चौरड़िया जामगांव आर, जैन संघ सदस्य लक्ष्मी बैद, सुरेश सुशीला जैन ,चंद्रकैलाश, ममता, प्रज्ञा बैंद, आशीष कोचर, प्रेमचंद सुनीता चौरड़िया आसकरण निर्मला गोलछा सहित सदस्यों ने लाभ लिए।



**संभले अपने साथ धोखा नहीं करें**

खतरगच्छ की प्रखर वक्ता जैन साध्वी दर्शन प्रभा ने कहा कि ना लाए थे,ना ले जा सकते फिर जीवन में क्यों उलझे जा रहे हो परमात्मा ने बहुत दिया पुरुषार्थ करो मेहनत और कर्म के अनुरूप फल मिलेगा। जीवन में सुख दुख यश अपयश सब कर्म आधारित है। आपको जो मिल रहा है कर्म का ही फल है। अच्छे कर्म करने के लिए परमात्मा के बताए मार्ग पर चले। अच्छे कर्म से पुण्य संचित होता है जो भविष्य के सुख का प्रबंध करता है। गलत कर्म से कष्ट उपजीत होते है। यह पता है फिर भी नहीं संभल पाना अपने साथ बहुत बड़ा धोखा है।

**रिश्तों को ईमानदारी से निभाए जीवन आनंदित रहेगा**

जैन साध्वी दर्शन प्रभा ने कहा कि विश्वास जीवन की अनमोल पूंजी है। छल कपट से दूर रिश्ते निभाए जीवन सफर में मिठास बनी रहेगी। पति-पत्नी एक दूसरे का मोबाइल सामान्य तौर पर देख सके इतना विश्वास दायक काम करे तो जीवन सफर सुखदाई होगा। मोबाइल जब लॉक कर दी जाती है विश्वास पर भी ताले लटकने लगते है। पति-पत्नी एक दूसरे के साथ ईमानदार जीवन जिए। आधुनिकता की सोच पूर्ति लाचारी का सबब बनकर सामने आती है। संस्कार मय जीवन जिए। शांति दामन थामने तैयार रहती है।

**राग द्वेष से मुक्त होना जीवन का लक्ष्य होना चाहिएः** जैन साध्वी ज्ञानप्रभा ने सउदाहरण ज्ञान की अविरल धारा प्रवाहित करते हुए कहा देव गुरु धर्म बुद्धि को सद्बुद्धि में परिवर्तित करते है।मन वचन काया परमात्मा को ध्याये मन की चंचलता को दिशा मिलने लगेगी। भव भव से मुक्ति के मार्ग में राग और द्वेष रोड़ा अड़ाता है। राग द्वेष ही अंदर शत्रु है इस पर विजय पाने वाले जिनेश्वर परमात्मा है। और जो राग द्वेष पर विजय पाने के लिए सचेष्ट प्रयास करते है वे जैन है। दुर्लभ मानव लक्ष्य राग द्वेष से मुक्त होना ही होना चाहिए।

# अंचल के विद्यार्थी प्रिज्म स्कूल में अध्ययन कर अपनी प्रतिभा निखार रहेः भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई

प्रिज्म संस्थान महकाखुर्द उतई में वार्षिकोत्सव का सफल आयोजन किया गया। इस वार्षिक उत्सव शिखर में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भिलाई नगर निगम महापौर निर्मल कोसरे थे। संस्था के डायरेक्टर ख्याति साहू ने बताया कि वर्तमान स्थिति में शिक्षा से नैतिक मूल्यों का हास होता जा रहा है। संस्था प्रमुख रूपेश कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सबसे बड़ा सुख देने में है।

- राजस्थानी, मराठी, पंजाबी, मलयाली और छत्तीसगढ़ी नृत्यों की दी प्रस्तुति



पूर्व सीएम भूपेश ने कहा कि अंचल के विद्यार्थी प्रिज्म स्कूल तथा कॉलेज से शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन में उन्नति कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार प्रिज्म में पड़ने वाली किरणें रिफ्लेक्ट होकर दूसरों को प्रकाशित करती हैं, ठीक उसी प्रकार यह संस्था कार्य कर रहा है। कक्षा नवमीं से 12वीं के श्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। नेक द्वारा संस्था को प्राप्त बी प्लस ग्रेड के लिए प्रयत्नशील सभी बी एड फैकेल्टी को बघेल के द्वारा सम्मानित किया गया। इसके उपरांत पीजीडीएम के दीक्षांत समारोह में बैच 2022 से 24 के पासआउट विद्यार्थियों को डिग्री के द्वारा सम्मानित किया गया। विभिन्न राज्यों की संस्कृति को दिखाते हुए, मनमोहक नृत्य का आयोजन किया गया। जैसे राजस्थानी, मराठी, पंजाबी, मलयाली और छत्तीसगढ़ी। कार्यक्रम का समापन प्रिज्म पब्लिक स्कूल उतई की प्राचार्य स्वर्णालता पाल के वोट आफ थैंक्स और स्वल्पाहार के द्वारा किया गया।

## 1709 गर्भवतियों की हुई गोद भराई



**अंडा।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत माह के प्रथम गुरुवार और तृतीय गुरुवार को सुपोषण चौपाल का आयोजन जिले में किया जा रहा है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में नववर्ष के आगमन के अवसर पर प्रथम सुपोषण चौपाल के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में एक साथ गर्भवती माताओं की गोद भराई और 6 माह से ऊपर के बच्चों का अन्नप्राशन का आयोजन किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने बताया कि जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त 1506 आंगनबाड़ी केंद्रों में एक ही दिन 3 से 5 माह की 1709 गर्भवती महिलाओं की पूरी रीति रिवाजों के साथ गोदभराई और 6 माह के ऊपर के 751 बच्चों का अन्नप्राशन करवाया गया। पर्यवेक्षक चन्दखुरी दुर्ग ग्रामीण देवकी साहू ने बताया कि सुपोषण चौपाल समुदाय आधारित कार्यक्रम हैं।

## 90 प्रतिशत बच्चों ने दिलाये जवाहर नवोदय विद्यालय का प्रवेश परीक्षा



**पाटन/सेलूद।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमें बच्चे की उपस्थिति रही। इस परीक्षा के लिए बच्चों व पालकों में उत्साह रहा। प्रतियोगिता परीक्षा प्रभारी कमल देवांगन ने बताया कि विकासखंड पाटन के कुल 8 केंद्र, सेजस पाटन 288 में 259, कन्या पाटन 288 में 264, सेजस सेलूद 240 में 218, देवादा 240 में 221, कन्या सेलूद 192 में 169, गोंडपेंड्री 192 में 175, पतोरा 192 में 166, बठेना 206 में 190 बच्चे इस प्रकार 1838 बच्चों में 1662 बच्चे उपस्थित हुए तथा 176 बच्चे अनुपस्थित रहे। कार्यालय विकासखंड में सहायता केंद्र स्थापित किया गया था। कुछ परीक्षा केन्द्रों में बच्चों से अनिवार्य रूप आधार कार्ड की प्रति मांगी जा रही थी। विकासखंड कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद प्रवेश पत्र के आधार पर बच्चों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई।

**भनसुली में टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का हुआ शुभारंभ**

# खेल हमेशा खेल भावना से खेलेंः अशोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन

भंसूली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा स्वीकृत मिनी स्टेडियम में सद्भावना क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासी के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू, अध्यक्षता जप पाटन सभापति दिनेश साहू की। विशेष अतिथि सरपंच तुलसी गैंदलाल डहरिया, उपसरपंच कमलेश साहू, दिनेश साहू, डॉ. केके साहू, महेश साहू, नीलमणि साहू, दुलेश्वर साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना पश्चात किया। साहू ने कहा कि युवाओं को सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करना चाहिए। खेल हमेशा खेल भावना से खेले। इस दौरान जगदीश साहू,भारत साहू,बल्लू साहू,सत्यम साहू,वेदप्रकाश निर्मल, रौनक साहू, प्रीतम साहू, कुशाल साहू,देवानंद साहू, रविन्द्र, तिलेंद्र, दानेश्वर, खेमेंद्र, कोमल, नवीन, ढालेश, पियांशु, तुषार, कमल खिलाड़ी, आयोजक समिति सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### बासिन में चार दिवसीय क्रिकेट का उद्घाटन नारद ने किया



**जामगांव आर।** ग्राम बासींग में चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह हुआ। मुख्यअतिथि भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन अध्यक्ष नारद साहू थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत खोला रेवती साहू ने किया। इस अवसर पर पंच सोनसाय साहू ,अध्यक्ष धर्मेंद्र बंजारे ,उपाध्यक्ष नरेंद्र नवरंगे, सचिव बिजेंद्र गेंद्रे,शिव जांगड़े, सुमित डहरे,किशोर कुमार,जयचंद नवरंगें ,वेदप्रकाश, उपेंद्र, तोमेंद्र, लोकेश्वर, अरीन, दीपेश, खिल्लू, अजय, सोमू, पूनमचंद, बिजेंद्र,संजू, दाद्रु,भुवन, संजय,युवराज,संजय साहू, राजेन्द्र,चेतन,ओंकार,धलेंद्र, अनेश्वर, विक्की, आदि उपस्थित थे।








नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

# सरकार लोगों के जीवन में खुशियां लाने का कर रही है कामः ललित

## स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग अंतर्गत बीआईटी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत आयोजित संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से देशभर के 50 हजार से अधिक गांवों में 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित कर योजना के लाभार्थियों को संबोधित किया। साथ ही दुर्ग जिले के 10 हजार 325 हितग्राहियों को संपत्ति कार्ड वितरण किया। यह योजना ग्रामीण विकास में स्वामित्व एवं आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने का प्रतीक है।



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार में तेजी से विकास हुआ है। छत्तीसगढ़ में सभी आवासहीन पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। हमारी सरकार विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण के दूसरे दिन प्रदेश के आवासहीनों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। पिछले दिनों नगपुरा में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के लिए 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना की घोषणा की है। उन्होंने अगले वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ को 4 लाख नए आवास के लिए सहमति दी है। उन्होंने कहा नये सर्वे में अब हितग्राहियों की मासिक आय सीमा बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दी गई है। इसके अलावा जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित भूमि या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी अब इस योजना के तहत पात्र होंगे। हितग्राही अब स्वयं भी अपने आवास हेतु मोबाइल एप के जरिए आवेदन और सर्वेक्षण कर सकते हैं। सबका साथ सबका विकास करना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर अहिवारा विधायक राजमहंत डोमलाल कोसेवाड़ा, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र साहू, जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, जिला परियोजना अधिकारी अरविन्द एक्का, जिला पंचायत सीईओ एवं जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शौर्य यात्रा आज

**भिलाई।** हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा सिविक सेंटर भिलाई में 19 जनवरी को दोपहर 12 बजे विश्व हिन्दू परिषद शौर्य सभा आयोजन किया गया है। जिसमें बजरंग दल त्रिशुल दीक्षा समारोह संपन्न होगी। विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री बबलू सिंह ने बताया कि सौर्य यात्रा भिलाई सिविक सेंटर से होते हुए ग्लोब चौक व मिलिनियम चौक होते हुए पुनः सिविक सेंटर पार्किंग में समापन होगा।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2024-2025 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नवम्बर 2024 से मार्च 2025 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और मेंटेनेंस, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का मेंटेनेंस, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 20 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 20 जनवरी 2025 को सेक्टर-4, 21 जनवरी 2025 को मरोदा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 22 जनवरी 2025 को सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा, रसियन कॉम्प्लेक्स व बीएमडीसी, 23 जनवरी 2025 को खुर्सीपार जोन-2 व 3 तथा 25 जनवरी 2025 को कैम्प-1 व खुर्सीपार जोन-1। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को प्रातः 10.00 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने दो साल से अटके मामले को उठाया

# बीएसपी इंसेंटिव रिवार्ड संशोधन मामले में सीएलसी ने दिया कारवाई का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ द्वारा विगत दो दशक से इंसेंटीव रिवार्ड में संशोधन नही करने का मामला मुख्य श्रम आयुक्त, दिल्ली के समक्ष उठाया गया था। जिस पर संज्ञान लेकर मुख्य श्रमायुक्त ने उप मुख्य श्रम आयुक्त रायपुर को छानबीन करने तथा उचित कारवाई करने का आदेश दिया है। यूनियन ने अपने पत्र में सेल अध्यक्ष, मुख्य श्रम आयुक्त से सेल गैर कार्यपालक कर्मचारियो के इंसेंटीव रिवार्ड राशी मे संशोधन का माँग किया था। यह आश्चर्य की विषय ऐसे भी है कि विगत 18 वर्षो में भिलाई इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता, लेबर प्रोडक्टिविटी, मुनाफा आदि में कई गुणा वृद्धि हुई है तो मैन पावर में भी कई गुणा कमी हुई है। निम्नलिखित आंकड़ों से समझा जा सकता है।



**वित्त वर्ष 2006—07**

| | |
|---|---|
| क्रुड स्टील प्रोडक्शन (बीएसपी) | - 4.79 एमटी |
| क्रुड स्टील प्रोडक्शन(सेल ) | - 13.51 एमटी |
| लेबर प्रोडक्टिविटी(**BSP**) | - 200 टीसीएस/कर्म./वर्ष |
| गैर कार्यपालक कर्मचारियों की संख्या(बीएसपी) | -31347 (1 अप्रैल 2007) |
| गैर कार्यपालक कर्मचारियों की संख्या(सेल) | - 117605 (1 अप्रैल 2007) |

**वित्त वर्ष 2023-24**

| | |
|---|---|
| क्रुड स्टील प्रोडक्शन (बीएसपी) | - 5.67 एमटी |
| क्रुड स्टील प्रोडक्शन (सेल) | - 19.2 एमटी |
| लेबर प्रोडक्टिविटी (बीएसपी) | - 626 टीसीएस/कर्म./वर्ष |
| लेबर प्रोडक्टिविटी (सेल) | - 579 टीसीएस/कर्म./वर्ष |
| गैर कार्यपालक कर्मचारियों की संख्या(बीएसपी) | - 12540 (1 अप्रैल 2007) |
| गैर कार्यपालक कर्मचारियों की संख्या(सेल) | - 45700(1 अप्रैल 2007) |

उपरोक्त आँकड़ो से ही साफ है कि विगत 18 वर्षो मे भिलाई इस्पात संयंत्र के गैर कार्यपालक कर्मचारियों ने अपनी कर्मठता तथा लगनशीलता के बदौलत उत्पादन मे लगातार वृद्धि किया है, तो दूसरी तरफ कम होते मैनपावर का बावजुद उत्पादन को बढ़ाया है। उसका एक प्रमाण विगत 18 वर्षो में, लेबर प्रोडक्टिविटी में 189.5% की वृद्धि देखा जा सकता है। वित्त वर्ष 2006—07 में सेल स्तर की लेबर प्रोडक्टिविटी 200 टन क्रुड स्टील प्रति एम्पलाई प्रति वर्ष थी जो वित्त वर्ष 2023—24 मे 189.5% से बढ़कर, 579 टन क्रुड स्टील प्रति एम्पलाई प्रति वर्ष हो गई है। वित्त वर्ष 2024—25 मे 600 टीसीएस/कर्म./वर्ष के पार होने की संभावना है।

उत्पादन मे लगातार सतत वृद्धि, सेल तथा भिलाई इस्पात संयंत्र मे कार्यरत गैर कार्यपालक कार्मिको के लगन तथा विशिष्ट कार्यशैली को प्रदर्शित कर रहा है। चुँकी सभी उत्पादन प्रक्रिया को पूर्ण करने की जिम्मेदारी गैर कार्यपालक कार्मिको के हाथो में ही होती है, इसलिए, यूनियन ने माँग किया है कि गैर कार्यपालक कार्मिकों के मनोबल तथा आर्थिक स्थिति को मजबुत करने के लिए इंसेंटीव रिवार्ड फॉर्मुले को बदला जाय।

**वर्ष 2007 में इंसेंटिव को तय करने हेतु बनाया गया अन्य पारामिटर**

1. विभाग का प्रदर्शन 2. संयंत्र का प्रदर्शन

उपरोक्त दोनों मानको में भी बीएसपी तथा उसके सभी विभाग प्रतिमाह रिकॉर्ड प्रदर्शन कर रहे है।

# कुंभ मेले के लिए दुर्ग से चलेगी 22 कोच की दो स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाए। उनकी यात्रा सुगम और सुखद रहे। महाकुंभ के दौरान रेलवे के दौरान स्पेशल गाडियाँ चला रहा हैं इसी कड़ी में

■ दुर्ग – कटनी के मध्य 4 फेरों के लिए ट्रेन की सुविधा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दुर्ग- कटनी कुंभ मेला स्पेशल व्हाया रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, न्यू कटनी जंक्शन, कटनी मार्ग से चलाई जा रही है। इस गाड़ी में 4 सामान्य कोच, 14 स्लीपर कोच, 1 एसी थ्री, 1 एसी टू एवं 2 एसएलआर कोच सहित 22 कोच की सुविधा रहेगी।

**पहली ट्रेनः** गाड़ी संख्या 08761 दुर्ग-कटनी कुंभ मेला स्पेशल 31 जनवरी एवं 5, और 28 फरवरी को 3.30 बजे दुर्ग से रवाना होकर रायपुर 4 बजे, उसलापुर 5.55 बजे, पेंड्रा रोड 7.13 बजे होते हुए अनूपपुर 8:10 बजे, शहडोल 8:55 बजे, उमरिया 10 बजे कटनी 12:15 बजे पहुंचेगी।

**दूसरी ट्रेनः** गाड़ी संख्या 08762 कटनी - दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल 31 जनवरी एवं 5 और 28 फरवरी को कटनी से 12:45 बजे रवाना होकर 14:20 बजे उमरिया 15:20 बजे शहडोल 16 बजे अनूपपुर 16.45 बजे पेंड्रा रोड 19.20 बजे उसलापुर, 21:55 बजे रायपुर होते हुए 00.30 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

**तीसरी ट्रेनः** गाड़ी संख्या 08793 दुर्ग-कटनी कुंभ मेला स्पेशल 14 फरवरी को 03.30 बजे दुर्ग से रवाना होकर रायपुर 04.00 बजे, उसलापुर 05.55 बजे, पेंड्रा रोड 07.13 बजे होते हुए अनूपपुर 8:10 बजे, शहडोल 8:55 बजे, उमरिया 10:00 बजे कटनी 12:15 बजे पहुंचेगी।

**चौथी ट्रेनः** गाड़ी संख्या 08794 कटनी - दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल 14 फरवरी को कटनी से 12:45 बजे रवाना होकर 14:20 बजे उमरिया 15:20 बजे शहडोल 16.00 बजे अनूपपुर 16.45 बजे पेंड्रा रोड, 19.20 बजे उसलापुर, 21:55 बजे रायपुर होते हुए 00.30 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

# आधुनिक खेल मैदान से खेल प्रतिभाओं का हो रहा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी जोन में खिलाड़ियों के खेलने के लिए बैडमिंटन ग्राउंड हो इसकी सोच महापौर नीरज पाल की थी। इसके लिए उन्होंने अपने महापौर निधि से सभी वार्डों के लिए 10 लाख रुपए के लागत से बैडमिंटन ग्राउंड बनाने के लिए अपना सुझाव दिया। इसमें से प्रत्येक वार्ड के पार्षद अपने निधि से 4 चार लाख शेष राशि 6 लाख महापौर निधि से

■ महापौर पाल द्वारा चारों जोन में खेल मैदान की सुविधा

लगाकर एक बेहतरीन बैडमिंटन कोर्ट बनाने के लिए, महापौर पाल की अध्यक्षता में एम आई सी सदस्यों सर्वसम्मत से समिति से पारित किया। अधिकांश वार्ड के पार्षदों ने अपनी राशि देकर के अपने वार्ड में सुविधाजनक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करवाया। निगम भिलाई क्षेत्र के कुछ वार्ड ऐसे हैं जहां पर रिक्त भूमि नहीं होने के कारण बैडमिंटन ग्राउंड नहीं बन पाया। ऐसे वार्डों की जो राशि बची थी उससे नगर निगम भिलाई के चारों जोन में आधुनिक सर्व सुविधायुक्त खेल मैदान बनाया



जा रहा है। जोन क्रमांक 1 में वार्ड क्रमांक 5 में 25 बाई 40 मी का कुल लागत 64 लाख रुपया निगम के वाहन शाखा के उत्तर दिशा में रिक्त भूमि पर, जोन क्रमांक 2 में हाउसिंग बोर्ड स्टेडियम के पीछे रिक्त भूमि पर 20 मी बाई 30 मी क्षेत्रफल पर लागत 40 लाख रुपए, जोन क्रमांक 3 घासीदास उद्यान सेक्टर 2 सड़क एवेन्यू सी के बगल में क्षेत्रफल 25 मीटर बाई 40 मी लागत 70 लाख रुपए, जोन क्रमांक 4 श्री राम चौक मैदान डोम के पास क्षेत्रफल 25 बाई 45, 70 लाख रुपया, कुल लागत 2 करोड़ 44 लाख में बनेगा। इसकी विशेषता होगी यह मल्टीपरपज खेल मैदान होगा। इसमें फुटसाल, फुटबॉल का छोटा रूप, बॉक्स क्रिकेट प्रैक्टिस, बैडमिंटन, मिनी हॉकी आदि प्रकार के खेल खेला जा सकता है। चारों तरफ से तार फेंसिंग होगा, नेट की जाली होगी, इससे बाल वगैरह बाहर नहीं जाएगा। इस ग्राउंड में स्ट्रोट्रफस घास, एलईडी लाइट, से दूधिया रोशनी होगा। खिलाड़ियों के बैठने की सुविधाओं से युक्त होगा। महापौर नीरज पाल का कहना है कि इससे संबंधित वार्ड के खिलाड़ियों के लिए अच्छा मौका मिलेगा। इसमें दोनों महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रैक्टिस कर सकेंगे। भिलाई नगरी की पहचान खेल जगत में भी है यहां से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकलेंगे। स्थानीय रूप से अच्छे कोच की व्यवस्था होगी, जो खिलाड़ियों को खेल के बारे में मार्गदर्शन देंगे। इस प्रस्ताव से खिलाड़ियों में अच्छा

## भूमिपूजन...



**वार्ड–33 में नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन:** भिलाई। वार्ड नंबर 33 संतोषी पारा में बहुत दिन से मोहल्ले वालों की मांग एवं परेशानी को देखते हुए 10 लाख रुपए की लागत से नाली बनवाने के लिए भूमिपूजन किया गया। जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड पार्षद शैलजा राजू, दीपक पासवान, जीवन लाल कुर्रे, सलीम, बोलबम गुप्ता, नरेश शील सहित मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण का कुम्हारी में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शनिवार को भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव का कुम्हारी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा टोल प्लाजा के पास उनका स्वागत किया गया।

■ कुम्हारी भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखी गर्मजोशी



सिंहदेव के नगर आगमन पर समस्त कुम्हारी भाजपा कार्यकर्ताओं में गर्मजोशी देखी गई। स्वागत करने वालों में कुम्हारी भाजपा मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, रामकुमार सोनी, अशोक दीवान, राकेश पाण्डेय, माखन कोसरिया, पन्नालाल साहू, मिथलेश यादव, दीपक चतुर्वेदी, राजू निषाद, लोकेश साहू, अनुराग गुप्ता, पीएन दुबे, राजकुमार सिंह, आलोक दुबे, बिसेलाल साहू, ओंकार मारकंडे पार्षद, अश्वनी देशलहरे, तिलक परिहार, पुरणेंद्र साहू, ओमेंद्र साहू, पंकज वर्मा, प्रणव श्रीवास्तव, सुजीत यादव, वीरू सिंह, कैलाश सोनकर, विकास सोनकर, श्रीमती मीना वर्मा, रागिनी निषाद, तृप्ति चन्द्राकर, इंदिरा कोसरिया, बबीता साहू, कंचनलता चन्द्राकर, गीता निर्मलकर, शकुन खैरवार, सुनीता कुर्रे, जूली सिंह एवं राधा ठाकरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अंजोरा प्रजनन प्रक्षेत्र में कर सकते हैं दावा आपत्ति

**भिलाई।** पशु चिकित्सा सेवाएं शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा से प्राप्त जानकारी अनुसार हिमीकृत वीर्य मात्राओं के उत्पादन में आवश्यक अल्फा फ्रेंच मिनी स्ट्रॉज 0.25 मिलीलीटर का क्रय मेसर्स आईएमव्ही इंडिया प्राईवेट लिमिटेड गुरूग्राम हरियाणा से किया जाना है। आईएमव्ही इंडिया प्राईवेट लिमिटेड गुरूग्राम हरियाणा उक्त सामग्री क्रय हेतु प्रोपरायटर फर्म है। प्रोपरायटर सर्टिफिकेट दिया गया है। यदि किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस की समयावधि में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्ति उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा जिला दुर्ग में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति आवेदन मान्य नही होंगे।




पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301




आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
हरिभूमि कार्यालय
आदर्श पेट्रोल पंप के सामने, कमला मेडिकल लाईन, सुपेला भिलाई, मो. 8370049468

## लाइव इवेंट

### तमिलनाडु जंबुरी में जाने वालों को मिलेंगे 3000 रुपए, बैठक में निर्णय



**दुर्ग।** भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ-दुर्ग के तत्वाधान में जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य उपाध्यक्ष सुनीता बोहरा, जिला आयुक्त अरविंद मिश्रा, जिला आयुक्त जीत यादव, अशोक देशमुख, लिंक अधिकारी तनवीर अकील, आजीवन सदस्य संजय बोहरा प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक के समस्त मुद्दों पर चर्चा करते हुए उन्हें अनवरत जारी रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। 75 वी वर्षगांठ तमिलनाडु जंबूरी में जाने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को जिला संघ से 3000 रुपए दिया जाएगा। जिले में विंग वाईस प्रशिक्षण कीट की आवश्यकता पर जोर। फरवरी 2025 में प्राप्त करने गोल्डन ऐरो अवार्ड कब बुलबुल एवं प्रभारी का सम्मान समारोह का आयोजन। स्काउट गाइड भवन के निर्माण पर चर्चा साथ ही सभी विद्यालयों में यूनिट चलाने एवं सभी विंग में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने एवं प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। 22 फरवरी का कार्यक्रम जिला स्तर पर चिंतन दिवस मनाया जाएगा। वार्षिक कार्यक्रम संशोधन पर चर्चा की गई। बैठक में जिला सचिव आनंद राम बघेल, त्रिलोक चंद चौधरी, सरस्वती गिरिया, नीरज कुमार साहू, बालक दास राउत, अमिता हरमुख सहित अन्य मौजूद थे।

- जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी की विशेष बैठक का आयोॉ

## सिटी इवेंट

### शिकवा कम करें, शुक्रिया ज्यादा करें, मन रहेगा स्वस्थ: चंद्रशेखर शास्त्री



**भिलाई।** चतुर्दिवसीय वेद पारायण महायज्ञ एवं वेद कथा का आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई में आयोजन किया गया। इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त वैदिक विद्वान आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि जीवन को सुख में बनाना है, तो शिकवा कम करो और शुक्रिया ज्यादा करो। जिनका स्वभाव शिकायत करने का होता है उससे कोई प्रसन्न नहीं रहता। ईश्वर भी ऐसे लोगों को पसंद नहीं करता। आप अपने जीवन में नियम बनाकर के देखिए। आपका जीवन सकारात्मक बनने लगेगा। आपका गुस्सा कम होने लगेगा। आपका चिड़चिड़ापन कम होने लगेगा। बीपी और शुगर नियंत्रित होने लगेगा। जीवन में बदलाव महसूस होगा। प्रार्थना भी तभी पूरी होती है, जब व्यक्ति जीवन को सकारात्मक कर लेता है। कुछ लोगों को ईश्वर से भी शिकायत होती है। एक व्यक्ति बादाम के पेड़ को देख रहा था। उसने खत में कद्दू की लताओं को भी देखा था। वह ईश्वर से शिकायत कर रहा था। वह कहता था किशोर को बुद्धि नहीं है पतली लताओं में मोटे बड़े विशाल कद्दू को पैदा किया है।

- वेद पारायण महायज्ञ और वेद कथा का आर्य समाज सेक्टर-6 में आयोजन

#### मनुष्य का जन्म 84 योनियों से गुजरने के बाद

कार्यक्रम में आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा कि मनुष्य का जीवन 84 लाख योनियों के बाद मिलता है। इसका मूल्य समझिए। निंदा चुगली ईर्ष्या द्वेष, दुर्व्यसनों में पड़कर इसे नष्ट मत करो। चंद्रशेखर शास्त्री ने सेक्टर 8 में स्थित आस्था वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें उपदेश दिया। उन्होंने कहा तीन बातें याद रखिए। मीठा बोलो, ईश्वर का नाम जपो और शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए भ्रमण करो, प्राणायाम करो। भजन गायक दिनेश पथिक ने प्रस्तुत किया। अवनी भूषण पुरंग, प्रवीण गुप्ता, सरोज बहल मौजूद थे।

### जैन साध्वी पदविहार कर पहुंची जैन मंदिर, धर्मसभा में दिया भाईचारे का संदेश



**दुर्ग।** राष्ट्र संत विराग सागर की शिष्या श्रामिनी श्री 105 विदुषी पद्विहार कर ससंग पद्मनाभपुर स्थित दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। इस दौरान उन्होंने धर्मसभा का आयोजन किया, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। उनके साथ पांच साध्वी शामिल हैं। सुबह करीब 9 बजे उनका मंगल आगमन हुआ। साध्वी का आरती उतारकर स्वागत किया गया। पाद प्रक्षालन किया गया। साध्वी ने जिनेंद्र देव के दर्शन किए। इसके बाद मांगलिक प्रवचन दिया। इस अवसर पर विजय बोहरा, आशीष जैन, मुकेश जैन, सीमांत जैन, सुनील गंगवाल आदि मौजूद थे।

---

● भिलाई चेंबर के सिविक सेंटर में आयोजित व्यापार मेला का तीसरा दिन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधायक गजेंद्र यादव हुए शामिल

# स्टॉक मार्केट निवेश का साधन नहीं बल्कि एक अवसर, जहां सही जानकारी, धैर्य और रणनीति से मिल सकते हैं असाधारण परिणाम

भिलाई चेम्बर द्वारा आयोजित व्यापार महोत्सव 2025 के तीसरे दिन आज हजारों की संख्या में लोग सिविक सेंटर महोत्सव स्थल पहुंचे। व्यापार महोत्सव के तीसरे दिन आज युवा महोत्सव मनाया गया। साथ ही उद्यमियों को वित्तीय प्रबंधन, आईपीओ, और स्टॉक मार्केट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों के महत्वपूर्ण टिप्स मिले। व्यापार महोत्सव के तीसरे दिन आज मुख्य वक्ता के रूप में बिजनेस कोच सुरेश मंसारामानी ने आईपीओ और स्टॉक मार्केट पर एक गहन सत्र प्रस्तुत किया। मंसारामानी ने कहा कि स्टॉक मार्केट केवल निवेश का साधन नहीं, बल्कि एक अवसर है, जहां सही जानकारी, धैर्य और रणनीति के माध्यम से असाधारण परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।




**भिलाई।** मंसारामानी ने कहा कि आईपीओ के महत्व को विस्तार से समझाते हुए बताया कि यह प्रक्रिया न केवल कंपनियों के लिए पूंजी जुटाने का साधन है, बल्कि निवेशकों को विकास का हिस्सा बनने का अवसर भी प्रदान करती है। उन्होंने व्यापारियों को स्टॉक मार्केट के उतार-चढ़ाव को समझने की सलाह दी और कहा कि जो लोग जोखिम का सही मूल्यांकन कर सकते हैं और लंबी अवधि की योजना बना सकते हैं, वे इस क्षेत्र में सफल हो सकते हैं। उनके उद्बोधन में वित्तीय योजना, बाजार के रुझान और निवेश की स्थिरता को प्रमुखता दी गई। उनका सत्र उपस्थित लोगों के लिए बेहद ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे और मध्यम व्यापारियों को चाहिए कि वे अपनी वित्तीय रणनीतियों में नवाचार लाएँ और निवेश के नए रास्ते खोजें। उनके व्यावहारिक सुझावों और प्रेरक विचारों ने दर्शकों को नई ऊर्जा और दृष्टिकोण दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने उद्बोधन में उन्होंने राज्य की आर्थिक प्रगति और व्यापारिक संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। छत्तीसगढ़ इसका प्रमुख हिस्सा बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जिनसे छत्तीसगढ़ में व्यापार के लिए एक सकारात्मक माहौल तैयार हुआ है। श्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ को उद्योग और व्यापार का केंद्र बनाने के लिए की गई पहलों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य में एमएसएमई, स्टार्टअप्स और औद्योगिक इकाइयों के लिए विशेष योजनाएं लागू की गई हैं।

### छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य, जहां विकास की अपार संभावनाएं

ओपी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों और मानव संसाधन दोनों के मामले में समृद्ध राज्य है। यहाँ की सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि इन संसाधनों का सही उपयोग हो और व्यापारियों को निवेश के लिए प्रोत्साहन मिले। उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे छत्तीसगढ़ की प्रगति में भागीदार बनें और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहयोग करें। हमारा उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ केवल भारत में ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर व्यापार और निवेश का प्रमुख केंद्र बने। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य की सरल और पारदर्शी नीतियाँ, व्यापारिक अनुकूल प्रक्रियाएँ, और निवेशकों को प्रोत्साहन देने के लिए दी जा रही सुविधाएँ, छत्तीसगढ़ को व्यापार के लिए एक आदर्श स्थान बनाती हैं। श्री चौधरी का यह संबोधन छत्तीसगढ़ के विकास और आर्थिक प्रगति को गति देने के उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है। उनकी बातों ने उपस्थित व्यापारियों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश और व्यापार को लेकर नई प्रेरणा दी।

#### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने भी की शिरकत




छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव ने व्यापारिक समुदाय को प्रेरित करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि व्यापार केवल आर्थिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने व्यापारियों को याद दिलाया कि उनकी मेहनत और नवाचार देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने राज्य में व्यापारिक संभावनाओं और स्थानीय उत्पादों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ का व्यापारिक ढांचा, जिसमें कृषि, हस्तशिल्प और छोटे उद्योग शामिल हैं, हमें आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का रास्ता दिखाता है। साथ ही उन्होंने व्यापारियों को तकनीकी नवाचार अपनाने और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। इन कार्यशालाओं में विशेषज्ञ वक्ताओं ने निवेश के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की। प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि कैसे बाजार की बारीकियों और उतार-चढ़ाव को समझकर सही समय पर निवेश के फैसले लिए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इन कार्यशालाओं में वित्तीय अनुशासन और रणनीतिक निवेश के महत्व पर जोर दिया गया। व्यापारिक समुदाय को यह समझाया गया कि दीर्घकालिक लाभ के लिए किस प्रकार नवाचार और तकनीकी विकास का उपयोग किया जा सकता है। छोटे और मध्यम व्यापारियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया कि वे अपनी वित्तीय प्रथाओं को पारदर्शी और आधुनिक बनाएं।



---

## सीमाओं की सुरक्षा के लिए सेना का धन्यवाद करने 100 से अधिक छात्रों ने लिखा पत्र



**भिलाई।** देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैनात जवानों को पत्र लिखकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संस्कृत, हिंदी और इंग्लिश में पत्र लिखे गए। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के 100 से अधिक छात्रों ने सेना दिवस के उपलक्ष्य में सेना का शुक्रिया करने के लिए पत्र लिखा है। यह पत्र संस्कृत हिंदी और इंग्लिश भाषा में लिखे गए हैं। छात्र-छात्राओं ने सेना पर गर्व करते हुए उनके बलिदान उनके संघर्ष और देश की प्रगति में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए धन्यवाद किया है। इस पत्र लेखन की पहल संस्कृत शिक्षक डॉ. अजय आर्य ने की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के डाक विभाग ने हमें पत्र उपलब्ध कराए। पोस्ट ऑफिस के सुरजीत मेहता हमारे संपर्क में रहे और उनके मदद से हमने छात्र-छात्राओं के माध्यम से सेना का धन्यवाद किया है। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा -सेना के जवान भारत की सीमाओं की रक्षा करते हैं। तभी भारत प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ पाताहै। सेना के जवान देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सेना का यही योगदान हमारे देश को मजबूत बनाता है। इस अवसर पर पुष्पा बड़ा, कमल सोनी उपस्थित रहे। पत्र लेखन में डॉ राखी श्रीवास्तव, कल्पना शर्मा ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

## सीसीईटी संगोष्ठी में डिजिटल युग में तकनीकी तनाव और मानसिक स्वास्थ्य पर डाला प्रकाश

**भिलाई।** क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सीसीईटी ने शनिवार को तकनीकी तनाव का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें संसाधन व्यक्ति के रूप में डॉ. निम्मी वर्गीस, सहायक प्राध्यापक, सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा ने अपनी विशेषज्ञता साझा की। इस संगोष्ठी का उद्देश्य आज के डिजिटल युग में प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग से उत्पन्न मनोवैज्ञानिक चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव को प्रबंधित करने के लिए रणनीतियाँ प्रदान करना था। संगोष्ठी का उद्घाटन फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया और एक बढ़ते डिजिटल विश्व में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता के महत्व को रेखांकित किया। प्रिंसिपल



डॉ. जेके तिवारी ने कॉलेज की समग्र शिक्षा की दिशा में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता को दोहराया। डॉ. निम्मी वर्गीस ने तकनीकी तनाव के विषय पर अपने विशेष दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे डिजिटल उपकरणों और सूचना अधिभार के निरंतर संपर्क से विशेष रूप से छात्रों और पेशेवरों में तनाव, चिंता और बर्नआउट में वृद्धि हो रही है। उन्होंने प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रबंधित करने और डिजिटल जुड़ाव तथा व्यक्तिगत कल्याण के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाए रखने के लिए व्यावहारिक सलाह दी।

---

राजभाषा क्रियान्वयन समिति नराकास की वार्षिक बैठक में किया गया आयोजन

## प्रश्नोत्तरी के माध्यम से हिन्दी की उपयोगिता बताई सरकारी दफ्तरों में प्रभावी ढंग से लागू कराने लिया संकल्प

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** राजभाषा क्रियान्वयन समिति नराकास की वार्षिक बैठक हुई। इस दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई बीएसपी ने हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ कर्मचारियों के बीच हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढाना था। प्रतिभा अग्रवाल उप महानिरीक्षक ने स्पर्धा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अभिजीत कुमार, निधि सिंह, राजीव कुमार नांदल, जितेन्द्र दास मानिकपुरी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा को बढावा देना और कर्मचारियों में हिंदी के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करना रहा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना कि सरकारी कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग हो, जिससे हिन्दी भाषा के कार्यों की गति और गुणवत्ता में सुधार हो सके।



#### 37 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया भाग, बताई उपयोगिता

इस अवसर पर केऔसुब के अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा बीएसपी संयंत्र, मेडिकल विभाग, शिक्षा विभाग और डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित कुल 37 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से हिंदी की उपयोगिता को परिभाषित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल एक प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं है, बल्कि हिंदी भाषा को संजीवनी प्रदान करना और इसे हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना है। हम सभी को अपने कार्यस्थलों और सार्वजनिक जीवन में हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करने की दिशा में काम करना होगा, ताकि यह भाषा और भी सशक्त हो सके।

#### हिंदी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए होंगे अलग-अलग आयोजन

इस प्रतियोगिता के माध्यम से यह सिद्ध हुआ कि भिलाई इस्पात संयंत्र और अन्य संस्थानों के कर्मचारी हिंदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हैं। प्रतियोगिता के समापन के साथ ही सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर हिंदी के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की और इसे अपने कार्यों में और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया। इस आयोजन के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्यगणों को विशेष धन्यवाद दिया गया, जिनके प्रयासों से यह प्रतियोगिता सुचारू रूप से आयोजित हो पाई। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## युवाओं को दी संवैधानिक अधिकारों की जानकारी



दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय के गोदग्राम कोनारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में गांधी जीवन दर्शन तथा मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता, विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी तथा गोदग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम ने गांधी जीवन दर्शन के मूल तत्वः सत्य, अहिंसा, सविनय अवज्ञा तथा अपरिग्रह पर विस्तार पूर्वक विश्लेषण विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। ताकि युवा गांधी जीवन दर्शन की अवधारणाओं को अपने जीवन में उतार कर राष्ट्र के विकास एवं सामाजिक समरसता में निपुण हो सकें। वक्ताओं द्वारा संविधान में उल्लेखित 11 मौलिक कर्तव्यों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इससे वे मौलिक कर्तव्यों के निर्वहन के माध्यम से राष्ट्र एवं समाज के एक जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर अपना मार्ग प्रशस्त कर सकें। आयोजन से बड़ी संख्या में विद्यार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के आयोजन में शासकीय माध्यमिक विद्यालय, कोनारी के प्रधानाध्यापक केएस देवांगन एवं स्वयंसेवक लोकेंद्र मारकंडे का विशेष सहयोग रहा।

- भारती यूनिवर्सिटी की गांधी जीवन दर्शन और मौलिक कर्तव्यों पर जागरुकता कार्यशाला

सिटी लाइव

## आठवें वेतन आयोग के गठन का इफ़्सेफ ने किया स्वागत



भिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 16 जनवरी को हुई कैबिनेट बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए आठवें वेतन आयोग की मंजूरी देने का छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक एवं इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाईज फेडरेशन (इपसेफ) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला ने स्वागत किया है। शुक्ला ने बताया कि सातवां वेतन आयोग का कार्यकाल 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। 1 जनवरी 2026 से आठवां वेतन आयोग की अनुशंसा लागू की जाएगी। किंतु मोदी सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन पर कोई पहल नहीं की थी, जबकि सातवां वेतन आयोग का गठन मनमोहन सरकार में फरवरी 2014 में हो गया था। वेतन आयोग के गठन की मांग को लेकर इफ़्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा के आह्वान पर छत्तीसगढ़ सहित 24 राज्यों के राजधानी में 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर गांधी प्रतिमा के पास सत्याग्रह कर प्रधानमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया था। विभिन्न राज्यों की राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के लिए कोई वेतन आयोग का गठन नहीं करती है, बल्कि केंद्र द्वारा गठित वेतन आयोग की अनुशंसा को राज्य के कर्मचारियों को लागू करती है। वेतन आयोग गठित करने के लिए ओ पी शर्मा, आलोक मिश्रा एवं शिक्षक कांग्रेस के सुनील यादव, मोहसिन अली, बेनी राम देवांगन, होलसाय वर्मा ने आभार व्यक्त किया है।

समाज इवेंट

## महिलाओं ने छेरछेरा, मकर संक्रांति और हल्दी-कुमकुम एक साथ मनाई



भिलाई। दुर्ग जिला सतनामी महिला कल्याण एवं जागरण समिति सतनामी आश्रम दुर्ग में नव वर्ष मिलन छेरछेरा मकर संक्रांति हल्दी कुमकुम का उत्सव मनाया। हल्दी कुमकुम लगाकर एक दूसरे का सम्मान किया। छेरछेरा भारतीय संस्कृति की पारंपरिक एवं दान का त्यौहार है। इसके महत्व को बताया गया। इस अवसर पर सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। महिलाओं के द्वारा गेम खेला गया। कार्यक्रम में ईश्वरी गायकवाड़, अंबालिका मारकंडे, शकुंतला बंजारे, नंद कुमारी कोर्सेवाड़ा, उतरा बघेल, उषा देशलहरा, रानी चतुर्वेदी, गोदावरी व्यास, शांति चंदेल, गंगा बंजारे, एकता मांडले, ललिता बंजारे, रागनी देशलहरा, मनीषा देशलहरा उपस्थित थे। यह जानकारी समिति की अध्यक्ष ईश्वरी गायकवाड़ ने दी।

## बॉल बैडमिंटन के लिए दुर्ग की टीम नागपुर रवाना, 21 जनवरी तक होनी है प्रतियोगिता



भिलाई। 69वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024-25 लड़कों और लड़कियों के लिए 21 जनवरी 2025 तक देवग्राम तालुका नरखेर नागपुर (महाराष्ट्र) में आयोजित है। चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए दोनों टीमें रवाना हुई। इसमें कुणाल साहू, महेश कुमार, विनय कुमार, बंटी चंद्रवशी, गौरव मानिकपुरी, तमन यादव, राज पटेल, रोहन चौधरी, हिमांशु तिवारी, दीपक कोसते एवं कोच सूरज नायक टीम को लेकर रवाना हुए।

● प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्थान में दादा लेखराज (बह्मा बाबा) की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम

# 89 साल पहले संस्था का किया गठन, आज 140 देशों में पांच हजार सेवा केंद्रों से जुड़ी हैं 46 हजार महिलाएं

भिलाई/ दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी के दुर्ग स्थित आनंद सरोवर बघेरा और सेक्टर-6 भिलाई स्थित पीस ऑडिटोरियम में संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर दोनों ही जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जानकारी दी गई कि 18 जनवरी 1969 को 93 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ था। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और उन्हें जागृत करने के 89 साल पहले ओम मंडली नाम से संस्था का गठन किया, जिसे बाद में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी किया गया। आज इस संस्था के दुनिया के 140 देशों में 5 हजार से ज्यादा केंद्र हैं। 46 हजार से ज्यादा महिलाएं संस्था का संचालन कर रही हैं। 20 लाख से ज्यादा साधन जुड़े हुए हैं। शनिवार को मुख्य कार्यक्रम माउंटआबू में आयोजित किया गया। आनंद सरोवर बघेरा में रीटा बहन ने बताया नारी शक्ति का विश्व का सबसे बड़ा और विशाल संगठन का गौरव हमें प्राप्त है। आयोजित कार्यक्रम को लेकर संस्थान के शांतिवन सहित पांडव भवन और ज्ञान सरोवर परिसर को विशेष फूलों से सजाया गया। बाबा की याद में सभी परिसरों में विशेष योग-तपस्या जारी है। पंजाब से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिन्होंने मौन योग साधना से बाबा को पुष्पांजलि दी।



### 18 जनवरी 1969 को किया था निधन, प्रकाश मणि ने संभाली थी जिम्मेदारी

रीटा बहन ने बताया कि 18 जनवरी 1969 को 93 वर्ष की आयु में ब्रह्माकुमारीज़ के साकार संस्थापक ब्रह्मा बाबा ने संपूर्णता की स्थिति प्राप्त की। उनके अव्यक्त होने के बाद संस्थान की बागडोर पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि ने संभाली। बाबा की त्याग-तपस्या का परिणाम है कि खुद पीछे रहकर नारी शक्ति को आगे बढ़ाया और आज पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति अध्यात्म का परचम फहर रहा है। नारी उत्थान को लेकर दादा लेखराज ने अपनी सारी चल-अचल संपत्ति को माताओं बहनों के नाम से ट्रस्ट बनाकर ईश्वरीय कार्य में अर्पण कर दिया। उनका जन्म15 दिसंबर 1876 को हुआ। लेखराज (ब्रह्मा बाबा) बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और ईमानदार थे। उन्हें परमात्म मिलन की इतनी लगन थी। अपने जीवन काल में 12 गुरु बनाए। वह कहते थे कि गुरु का बुलावा मतलब काल का बुलावा। 60 वर्ष की आयु में वर्ष 1936 में संस्थान ओम मंडली का गठन किया। बाबा ने माताओं-बहनों को जिम्मेदारी सौंपकर खुद कभी पैसों को हाथ नहीं लगाया। यहां मुख्य प्रशासिका से लेकर प्रमुख पदों पर महिलाएं ही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी इस संगठन की सफलता और विशालता को देखते हुए कहा था कि यहां नारी शक्ति ने यह साबित कर दिखाया है कि यदि नारी को मौका मिले तो वह पुरुषों से बेहतर कार्य कर सकती है।

### नारी को शिव शक्ति स्वरूपा प्रदर्शित कर राजयोग का जलाया अलख



भिलाई। सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम हंसो से सुसज्जित खुशी और उमंग उत्साह के पंखों फूलों से सजे ब्रह्मा बाबा का चित्र ने सभी को सहज ही परमधाम वतन मेरा घर की ओर आकर्षित किया। आशा दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने नारी उत्थान संकल्प के साथ भारत माता, वंदे मातरम की गाथा को चरितार्थ करते हुए नारी को शिव शक्ति स्वरूपा निर्भय बनाकर विश्व परिवर्तन की जिम्मेवारी के निमित्त बनाया। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण समूचे विश्व पटल पर ब्रह्मकुमारीज संस्था नारी शक्ति के कुशल नेतृत्व में राजयोग मेडिटेशन और आध्यात्मिकता की अलख जगा रही हैं। निराकारी, निरअहंकारी, निर्विकारी ब्रह्मा बाबा के अंतिम शब्द थे। वे उन महावाक्यों के स्वरूप में स्थित रहकर अपने हर कर्म से सभी को शिक्षा देकर सिखलाते थे। वरदानी दिवस में सबसे बड़ा पुण्य परमात्मा को याद कर स्वयं को परिवर्तन करना है। उन्होंने कहा कि वतन मेरा घर प्रोग्राम सिर्फ 21 दिन का ही नहीं यह सदा का हमारा प्रोग्राम हो, क्योंकि जहां मेरा परमात्मा शिव पिता है। वही परमधाम मेरा असली घर वतन है।

अरपा-पैरी गीत पर नृत्य की प्रस्तुति

## मरार पटेल समाज के मिलन समारोह में 130 परिवारों ने दिया अपना परिचय




**इस्पात क्लब सेक्टर-6 में आयोजन, प्रतिभावान हुए सम्मानित**

भिलाई। भिलाई दुर्ग मरार पटेल महासंघ के तत्वावधान में इस्पात क्लब सेक्टर 6 भिलाई में कोसरिया, हरदिहा और भोयरा मरार के संयुक्त रूप से सामाजिक समरसता, पारिवारिक संबंध और संगठन शक्ति को मजबूती प्रदान करने के लिए पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आकर्षक खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें बच्चे, महिला और पुरुषों ने भाग लिया। 130 परिवार ने परिचय दिए। सुनील पटेल, रामगुलाल पटेल और जोहित पटेल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इष्ट देवी माता शाकंभरी और इष्ट देव प्रभु श्रीरामचंद्र की पूजा आरती के बाद छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के पदाधिकारी सुनील पटेल, ब्रम्हदेव पटेल, राजेंद्र कुमार पटेल, लिलार सिंह पटेल, बिंदुराम पटेल, खेलूराम पटेल, केशव पटेल, भीषम पटेल, कुबेर पटेल, जोहित पटेल, आत्माराम पटेल सहित रामगुलाल पटेल, सुरेश पटेल, कमलनारायण पटेल, डॉ कृष्ण कुमार पाटिल, डॉ प्रेमलाल पटेल, नरसिंग पटेल, श्रीमती लखेश्वरी पटेल, रोहिता पटेल, डीकेश्वरी पटेल, शांति पटेल, ललिता पटेल आदि का सम्मान किया गया।

### पारंपरिक वेशभूषा में राजगीत अरपा, पैरी के धार की प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ राज्य के राजगीत अरपा पैरी के धार पर दीप्ती पटेल, चंचल पटेल, संतोषी पटेल, योगेश्वरी पटेल, हेमलता पटेल, दीपिका पटेल और सरोज पटेल ने पारंपरिक वेशभूषा में बहुत ही आकर्षक प्रस्तुति दी। खेलकूद विजेता ज्ञानिता पटेल, द्रोपदी पटेल, भवानी पटेल, पुष्पा पटेल, विनोद पटेल, धर्मेन्द्र दीवान, डॉ. केके पाटिल, दशरथ पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, परी पटेल, ख़ुशी पटेल, मिथलेश पटेल, प्रेमांशु पटेल को पुरस्कृत किया गया। अंत में तीन भाग्यशाली परिवार का ड्रा निकालकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीकेश्वरी पटेल, खेलूराम पटेल, केशव पटेल ने किया। आभार प्रदर्शन ब्रम्हदेव पटेल ने किया। कार्यक्रम में दशरथ पटेल, कन्हैया पटेल, विष्णु पटेल, सुशीला पटेल, चंचल पटेल, संतोषी पटेल, कल्पना पाटिल, उषा पटेल, रेनू पटेल, पुष्पा पटेल आदि मौजूद थे।

चलाया जा रहा पैलेटिव केयर अभियान

## बिस्तर पर पड़े रोगियों का घर पहुंचकर किया जा रहा इलाज



**जिला आयुर्वेद विभाग ने सर्वे कर 34 मरीजों की पहचान की, इलाज में मिलेगी सुविधा**

भिलाई। राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा पैलेटिव केयर कार्यक्रम किया गया है। इसके तहत प्रत्येक जिले में एक गांव और शहर में एक वार्ड का चयन कर उन रोगियों की पहचान की जा रही है, जो बिस्तर अथवा घर पर हैं। उन्हें संबंधित रोग के उपचार के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। दुर्ग से डॉ. दिनेश चंद्रवंशी जिला आयुष अधिकारी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. जया साहू ने इसकी ट्रेनिंग दी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रत्येक केंद्र में एक पैलेक्टिव केयर टीम है। टीम में ग्रामीण क्षेत्र में एक गांव और शहरी क्षेत्र में एक वार्ड के रोगियों का पहचान एवं पंजीयन कर आयुष सेवाएं द्वारा की जा रही है। 34 रोगियों का पंजीयन किया जा चुका है। जिला आयुष अधिकारी दिनेश चंद्रवंशी कहा कि पैलेएटिव केयर थेरेपी के लिए लोग जागरुक हों। अपने घर में रोग ग्रस्त ऐसे रोगी जो चल फिर नहीं पाते। वह हमारे आयुष केंद्रों में संपर्क करें, इसका लाभ उठाएं। इस योजना के अंतर्गत रोगी के घर जाकर आयुष चिकित्सक एवं टीम द्वारा रोगी की जांच एवं नि शुल्क आयुर्वेद औषधि वितरित की जाएगी। उन्हें योग, आयुर्वेद के अनुसार आहार विहार की जानकारी प्रदान की जाएगी। रोगियों की काउंसलिंग की गई। नियमित रूप से प्रति सप्ताह शनिवार को फॉलोअप लिया जाएगा। यह कार्यक्रम इसे रोगियों के लिए संजीवनी का कार्य करेगी, जो घर पर ही रहकर चिकित्सा ले रहे हैं। चलने फिरने में सक्षम नहीं हैं। उन्हें विशेष रूप से मुख्य धारा में जोड़ना एवं स्वास्थ्य का ख्याल रखना इसका उद्देश्य है।

नंदिनी-खुंदनी और जामुल में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## दूध का उत्पादन बढ़ाने पशुपालकों को अजोला चारा के प्रोडक्शन के लिए किया जागरूक, बांटे शैवाल

कार्नर न्यूज

भिलाई। दूध की बढ़ती डिमांड ने पशुपालन के कारोबार को लाभदायक बना दिया है। इसे लेकर नित नए प्रयोग हो रहे हैं। नई संभावनाओं का सृजन हो रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में ग्राम नंदिनी खुंदनी और जामुल में एसीसी-अडाणी फाउंडेशन के तत्वावधान में दो दिवसीय अजोला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पशुपालकों को अजोला हरा चारा उत्पादन के प्रति जागरूक किया गया। फाउंडेशन के जामुल सीएसआर प्रमुख देबब्रत सरकार और बायफ संस्था से वरुण तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सरकार ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों और पशुपालकों को जागरूक किया जा रहा है। हरा चारा उत्पादन और उपयोग में आने वाली समस्याओं का निदान कृषि वैज्ञानिक पद्धति से किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को वर्षभर पोषक तत्वों से युक्त हरा चारा उपलब्ध कराना है, ताकि राज्य में दूध उत्पादन के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।



### 50 से ज्यादा किसानों को अजोला बेड और शैवाल का वितरण

इसके साथ ही अजोला घास उत्पाद के लिए 50 से अधिक किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यक सामग्री (अजोला बेड, अजोला शैवाल) का वितरण भी श्री सरकार जी के करकमलों द्वारा किया गया। अडाणी फाउंडेशन, जो अदाणी समूह की सीएसआर शाखा है। शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य, सतत आजीविका विकास और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली और स्थायी पहलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार जी ने कहा कि पशु चारे का बेहतर विकल्प अजोला है। आगे भी उन्नत कृषि को बढ़ावा देने हेतु ए.सी.सी अदाणी फाउंडेशन किसानों के हर कदम पर सहयोग हेतु तत्पर है।

### पशुओं के लिए आदर्श जैविक पूरक आहार, जिसकी हर तरफ डिमांड

किसानों को बताया गया कि अजोला में ज्यादातर सभी आवश्यक अमीनो अम्ल, मेंगनी प्रोवोमोरिक्स, बायो पॉलीमर्स तथा बीटा केरोटीन पाए जाते हैं। इन्हीं जैव रसायनों से भरपूर होने के कारण यह पशुओं के लिये एक आदर्श जैविक पूरक आहार कहा जा सकता है। पशु, अजोला को आसानी से पचा सकते हैं, क्योंकि इसमें रेशा तथा लिग्निन कम मात्रा में पाया जाता है। अजोला को पूरक आहार के रूप में भी प्रयोग करने पर 15-20 प्रतिशत कुल दुग्ध उत्पादन बढ़ जाता है। देश के विभिन्न प्रदेशों एवं क्षेत्रों में चारे एवं पोषक तत्वों की कमी को पूर्ण करने के लिये अजोला उत्पादन को वृहद स्तर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### अजोला चारे के फायदों से किसानों को कराया अवगत

इस अवसर पर अजोला चारे के फायदों के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि यह जल सतह पर मुक्त रूप से तैरने वाली जलीय फर्न है। यह छोटे-छोटे समूह में सघन हरित गुच्छे की तरह तैरती एवं फैलती है। भारत में इसकी प्रजाति अजोला पिन्नाटा एवं एनाबियाना काफी उपयुक्त पाई गई है। यह अधिक गर्मी सहन करने वाली किस्म है। इसकी खेती काफी वृहद रूप से चीन, वियतनाम और फिलीपीन्स में की जाती है। दक्षिण भारत में खासकर तमिलनाडु और केरल एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, पाली, अजमेर और जयपुर में काफी क्षेत्रों में इसका उत्पादन किया जा रहा है। अजोला कम लागत का, पशुओं के लिए एक पौष्टिक आहार है। शुष्क भार के आधार पर इसमें 25-35 प्रतिशत प्रोटीन, 10-12 प्रतिशत खनिज पदार्थ एवं 7-10 प्रतिशत अमीनो अम्ल पाए जाते हैं। यह शीघ्र वृद्धि वाली किस्म है। बुआई के पश्चात इसका उत्पादन 8-10 दिनों के अंदर प्राप्त होना शुरू हो जाता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### फुटबॉल में दुर्ग हीरोज़ एफसी को मिली जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित चौथी छत्तीसगढ़ स्टेट मेंस फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत आज शनिवार को पंत स्टेडियम सेक्टर-1 भिलाई में एक मैच दुर्ग हीरोज़ एफसी दुर्ग एवं एटीके चैंपियन एफसी रायपुर के मध्य खेला गया। जिसमें दुर्ग हीरोज़ एफसी ने 2-0 से जीत दर्ज की। दुर्ग हीरोज़ की ओर से दोनों गोल खेमचंद आर्य ने 5 वें एवं 60 वें मिनट में किया।रायपुर की टीम कोई गोल नहीं कर पाई।

### राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ सब जूनियर एवं कैडेट दल पूना रवाना



**रायपुर।** भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र संघ द्वारा 18 से 21 जनवरी तक सब जूनियर एवं 22 से 25 जनवरी तक कैडेट वर्ग की राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन छत्रपति शिवाजी स्टेडियम, पुणे (महाराष्ट्र) में किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने आगे बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ का जूडो दल रवाना हो गया है।

टीम में सब जूनियर बालिका -28 किग्रा में तान्या चौधरी–दुर्ग,-32 किग्रा में लिलेश्वरी –कोंडागांव,-36 किग्रा में ममता –कोंडागांव,-40 kg योगिता मांडवी–कोंडागांव,-44 किग्रा में कोमल दास–बलौदा बाज़ार,-48 किग्रा में श्वेता गोस्वामी–बिलासपुर,-52 किग्रा में अश्मित–रायपुर, -57 किग्रा में भूमिका–बिलासपुर, +57 किग्रा में धनी सिन्हा–बिलासपुर, सब जूनियर बालक में-30 किग्रा में आर्यन जायसवाल–बिलासपुर,-35 किग्रा में धनंजय निषाद–बलौदा बाज़ार,-40 किग्रा में वैभव कुमार–बीएसपी,-45 किग्रा में दिव्यांश तिवारी –रायपुर,-50 किग्रा में सक्षम जायसवाल–दुर्ग,-55 किग्रा में अखिल यादव–बी.एसपी, -60 किग्रा में आशीष जायसवाल –बिलासपुर,-66 किग्रा में दिव्यांश निर्मलकर–दुर्ग,+66 किग्रा में पी अभिषेक–बिलासपुर शामिल हैं। जूनियर जूडो टीम के प्रशिक्षक/प्रबंधक राजकुमार जयसवाल बिलासपुर, बसंती पटेल कोंडागांव एवं शारदा गोस्वामी बिलासपुर है। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो दल के कैडेट वर्ग के जूडो खिलाड़ियों के साथ हाल ही में प्रधानमंत्री बाल पुरुस्कार से सम्मानित कोंडागाँव की हेमबती नाग भी अपनी जूडो कला का प्रदर्शन करेंगी।बालक-50 किग्रा में मोनीश वर्मा (बी.एस.पी), -55 किग्रा में अरुण कुमार नेताम–कोंडागाव, -60 किग्रा में अरविंद मानिकपुरी बिलासपुर एवं अजय कुमार दुर्ग, -66 किग्रा में पंकज जायसवाल–बिलासपुर, -73 किग्रा में आभिषेक नियोगी (दुर्ग), -81 किग्रा में यूगल प्रसाद (दुर्ग),-90 किग्रा में दिलराज सिंह चीमा (रायपुर), +90 किग्रा में मैनक दत्ता। (रायपुर), बालिका-40 किग्रा में ज्योती ध्रूव ( बलोदा बज़ार ) एवं हेमबती नाग कोंडागांव, -44 किग्रा में दामीन निषाद (बलौदा बाज़ार), -48 किग्रा में चन्द्रप्रभा (कोण्डगाँव), -52 किग्रा में रंजिता कोराम (कोण्डागांव), -57 किग्रा में लेखा (कोण्डागांव), -63 किग्रा में भूमिका (कोण्डागांव),-70 किग्रा में अंजलि ठाकुर (बलौदाबाजार),+70 किग्रा में साधना जेसवाल (बिलासपुर) शामिल है। कैडेट टीम के प्रशिक्षक /प्रबंधक यशवंत ध्रुव बलौदा बाजार भाटापारा एवं तृषा राव भिलाई है। जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने बताया कि इस राष्ट्रीय कैडेट एवं सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश की कैडेट एवं जूनियर टीम का चयन विगत दिनों भिलाई में किया गया था। राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता हेतु राज्य के प्रदेश अध्यक्ष अरुण द्विवेदी को टूर्नामेंट डायरेक्टर बनाया गया है तथा अंतर्राष्ट्रीय ऑर्गेनाइजिंग एक्सपर्ट शेख शरीफ एवं राष्ट्रीय रेफरी पी किशोर को रेफरी नियुक्त किया गया है।

### ऑल इंडिया सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ उप विजेता



**रायपुर।** 14 वी ऑल इंडिया सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता जो कि रामचंद्रपुरम आंध्र प्रदेश में 14 से 17 जनवरी तक आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने फाइनल में एसआरएम यूनिवर्सिटी से 48-57 से परास्त होकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ की बालिका की मिनी एवं यूथ बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया. सेमीफाइनल में रामचंद्रपुरम को 53-40 से पराजित करते हुए फाइनल में जगह बनाई. टीम के कोच रोहित पटेल सहायक कोच शुभम तिवारी एव मैनेजर आरज़ू खातून थे।

## क्या फैट वाली चीजें बिल्कुल छोड़ देनी चाहिए?

# खानपान में तेल-घी का इस्तेमाल करने में उलझन है तो जानें जरूरी बातें, इसके फायदे और नुकसान दोनों

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, फैट दो प्रकार के होते हैं- हेल्दी और अनहेल्दी। अस्वास्थ्यकर फैट से सेहत को जरूर नुकसान होता है हालांकि हेल्दी फैट वाली चीजों की हमारे दैनिक आहार में जरूरत होती है। आइए जानते हैं कि आपको किन चीजों का सेवन करना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए?

जब भी बात शरीर को स्वस्थ रखने वाले आहार की होती है तब फाइबर-प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजों का सेवन बढ़ाने की सलाह दी जाती है। फिटनेस फ्रीक लोग अक्सर इन चीजों के सेवन के साथ आहार से फैट वाली चीजों को कम कर देते हैं। फैट वाले आहार को वजन बढ़ाने, क्रोनिक बीमारियों जैसे हृदय रोग और डायबिटीज के जोखिमों को बढ़ाने वाला माना जाता रहा है। तो क्या फैट हमारे लिए वास्तव में इतना नुकसानदायक है? स्वस्थ रहने के लिए क्या आहार से इनकी मात्रा को बिल्कुल कम कर देनी चाहिए?

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, फैट दो प्रकार के होते हैं- हेल्दी और अनहेल्दी। अस्वास्थ्यकर फैट से सेहत को जरूर नुकसान होता है हालांकि हेल्दी फैट वाली चीजों की हमारे दैनिक आहार में जरूरत होती है। आइए जानते हैं कि हेल्दी और अनहेल्दी फैट से क्या नुकसान और फायदे हो सकते हैं और इसके लिए



### हेल्दी और अनहेल्दी फैट के बारे में जानिए

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हेल्दी फैट अनसेचुरेटेड फैट्स होते हैं जबकि अनहेल्दी फैट सेचुरेटेड फैट्स। स्वस्थ वसा वाली चीजें कोलेस्ट्रॉल कम करने, रक्तचाप प्रबंधित करने और ब्लड शुगर को कम करने में मदद करती हैं। वहीं अनहेल्दी फैट्स को कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने वाला पाया गया है। ये हाई कैलोरी वाले भी होते हैं जिसके कारण वजन बढ़ने और क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा भी अधिक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को आहार में हेल्दी फैट वाली चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए।

### स्वस्थ वसा वाली चीजों को आहार में करें शामिल

ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड सहित मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैट्स को हेल्दी फैट माना जाता है। वसायुक्त मछलियां, ऑलिव आयल और चिया सीड्स आदि स्वस्थ वसा के कुछ सबसे अच्छे स्रोत हैं। भोजन में स्वस्थ वसा शामिल करने से पेट भरा हुआ महसूस होता है, इससे अधिक खाने की इच्छा नहीं होती है और वेट लॉस में आपको मदद मिल सकती है। स्वस्थ वसा वाली चीजें हार्मोन के कार्य, याददाश्त को सुधारने और कुछ प्रकार के



पोषक तत्वों के अवशोषण में भी मदद करते हैं।

### स्वस्थ वसा क्यों जरूरी हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वसा एक आवश्यक मैक्रोन्यूट्रिएंट है जिसकी शरीर को नियमित रूप से जरूरत होती है। हार्ट की बीमारियों, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं के जोखिमों को कम करने के लिए आहार में सभी लोगों को हेल्दी फैट वाली चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए। एवोकाडो, जैतून का तेल, नट्स, बीज और



वसायुक्त मछली खाना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। साल 2020 के एक अध्ययन से पता चलता है कि ऑलिव ऑयल का सेवन करने वाले लोगों में हृदय रोग और इसके कारण होने वाली गंभीर जटिलताओं का खतरा कम होता है।

### अनहेल्दी फैट से बनाएं दूरी

अनहेल्दी फैट वाली चीजें बैड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने वाली मानी जाती हैं। ये दो प्रकार की होती हैं- सेचुरेटेड और ट्रांस फैट। आहार में मक्खन, तेल और रेड मीट आपके लिए बहुत नुकसानदायक हो सकते हैं।



## जिम जाने की क्या है सही उम्र जानना हो तो एक्सपर्ट की सुनें

सोशल मीडिया के इस दौर में हर किसी को एक्सपोजर मिल रहा है, ऐसे में लोगों पर अच्छा दिखने का दबाव काफी बढ़ चुका है। इसके लिए लोग खुद को फिट रखने की हर संभव कोशिश भी कर रहे हैं। खासकर युवाओं और किशोरों में फिटनेस को लेकर क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। फिटनेस के चक्कर में किशोरों और बच्चों में भी जिम ज्वॉइन करने की होड़ सी मच रखी है।ऐसे में यह जानने और समझने की जरूरत है कि आखिर किस उम्र से वर्कआउट या जिम में एक्सरसाइज करना शुरू करना चाहिए।

दरअसल, आजकल स्लिम फिगर की चाहत में जहां लड़कियां हर तरह के वर्कआउट को आजमा रही हैं तो वहीं लड़के सिक्स पैक और एब्स बनाने के लिए जिम में घंटों पसीना बहाते हैं। जबकि छोटी उम्र में इतनी अधिक फिजिकल एक्सरसाइज या वर्कआउट सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकती है। इसलिए इस सवाल का जवाब जानना जरूरी है कि आखिर जिम जाने की सही उम्र क्या है? फिजिशयन डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह ने इस बारे में विस्तार से बताया।

### बच्चों के लिए खेलकूद है बेहतर एक्सरसाइज



एक्सपर्ट डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह बताते हैं कि 14 साल तक की उम्र तक बच्चों के लिए खेलकूद से बेहतर कोई एक्सरसाइज नहीं होती है। क्योंकि इससे न सिर्फ बच्चों के शारीरिक विकास में मदद मिलती है बल्कि ये उनके मानसिक सेहत के लिए भी लाभकारी होता है। दरअसल, इस उम्र के बच्चों में काफी ऊर्जा होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसे जिम में पसीने बहाने में इस्तेमाल करें। बल्कि इस उम्र तक के बच्चों के लिए बैड मिंटन, टेनिस, रस्सी कूद, रनिंग और जंपिंग जैसे फिजिकल गेम्स काफी लाभकारी होते हैं। इससे हड्डियों के विकास, शरीर की लंबाई बढ़ने के साथ मोटापे से काफी हद तक निजात मिलती है।

किशोर इन एक्टिविटी के जरिए खुद को रखें फिट

वहीं 14 से 17 साल तक की उम्र में शरीर के सभी विकसित और मजबूत हो जाते हैं, लेकिन यह उम्र भी जिम ज्वाइन करने के लिए सही नहीं है। बल्कि इस उम्र में घर में ही योग और एक्सरसाइज का अभ्यास करना चाहिए। इसके अलावा इस उम्र के किशोरो के लिए स्विमिंग और साइकिलिंग बेहतर फिजिकल एक्टिविटी है जो उन्हें सेहतमंद रखने में मददगार होती है।

### इस उम्र में ज्वाइन कर सकते हैं जिम



17 से 18 साल की उम्र में शरीर का लचीलापन दूर हो जाता है, इसलिए इस उम्र में जिम ज्वाइन कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप किसी अच्छे जिम संस्थान को ही ज्वाइन करें जहां पर प्रशिक्षित लोग ही फिजिकल एक्टिविटी की ट्रेनिंग देते हो। इसके साथ ही जिम ज्वाइन करते वक्त, आपको शुरुआती दिनों में कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, जैसे कि शुरुआत में लंबे एक्सरसाइज का अभ्यास न करें।

## आर्किटेक्ट महिला क्रिकेट में ओडिशा व केरल के बीच आज खिताबी भिड़ंत

■ पुरुष क्रिकेट में राजस्थान, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र सेमीफाइनल में




**रायपुर।** द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्किटेक्स द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल स्पर्धा (आईआईएपीएल) के तहत क्रिकेट महिला वर्ग में ओड़िसा और केरल की टीम फाइनल में पहुंच गई है। वहीं पुरुष वर्ग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। सेमीफाइनल और महिला व पुरूष वर्ग के फाइनल मुकाबले रविवार 19 जनवरी को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा में खेले जाएंगे। पुरस्कार वितरण शाम 7 बजे होटल बेबीलान में आयोजित किया गया है। आईआईएपीएल में देशभर के 20 राज्यों से क्रिकेट टीमें पहुंची हुई है। आज लीग के साथ ही क्वार्टर फाइनल के मैच खेले गए। महिला वर्ग में ओड़िसा और केरल के बीच खिताबी मुकाबला होगा। वहीं पुरुष वर्ग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। इसके बाद फाइनल मैच होगा। सेमीफाइनल और फाइनल रविवार को खेले जाएंगे।

### टेबल टेनिस महिला वर्ग में शिल्पा चैम्पियन

शनिवार को बैडमिंटन और टेबल टेनिस के भी मुकाबले हुए। टेबल टेनिस के सेमीफाइनल और फाइनल मैच हुए। महिला वर्ग में महाराष्ट्र की शिल्पा चैम्पियन बनीं। उपविजेता ओड़िसा की शुभाश्री बनीं। इसीतरह पुरुष वर्ग में 40 वर्ष से कम आयु वर्ग में ओड़िसा के सब्याची विजेता और अक्षय उपविजेता, 40 वर्ष से अधिक वर्ग में महाराष्ट्र के उपेन्द्र विजेता और मध्यप्रदेश के अर्पित उपविजेता तथा 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में जम्मू कश्मीर के मनिंदर विजेता और गुजरात के हितेश उपविजेता बने।

### समापन व पुरस्कार वितरण आज

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्किटेक्स छत्तीसगढ़ चेप्टर के अध्यक्ष सौरभ रहाटगांवकर ने बताया कि खेल प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण 19 जनवरी रविवार को होटल बेबीलान वीआईपी रोड में होगा। शाम 7 बजे आयोजित कार्यक्रम में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान मौजूद रहेंगे। विजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ ही खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।-

## क्या घर की तिजोरी में रखनी चाहिए देवी-देवताओं की मूर्ति?

जब भी हम घर में कसी भी देवी या देवता कि प्रतिमा लेकर आते है तो उसे घर के मंदिर में स्थापित करते हैं। वहीं, कुछ लोग देवी-देवताओं की प्रतिमा को तिजोरी में भी विराजित करते हैं। जब भी हम घर में कसी भी देवी या देवता कि प्रतिमा लेकर आते है तो उसे घर के मंदिर में स्थापित करते हैं। वहीं, कुछ लोग देवी-देवताओं की प्रतिमा को तिजोरी में भी विराजित करते हैं।

विशेष रूप से मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, कुबेर देव और गणेश जी की मूर्ति घर की तिजोरी में लोगों द्वारा रखी जाती हैं। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि क्या घर की तिजोरी में भगवान की मूर्ति रखना सही है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं।



ऐसा माना जाता है कि देवी-देवताओं की प्रतिमा उस स्थान पर रखनी चाहिए जहां से उनकी रोजाना पूजा-सेवा की जा सके। साथ ही, उनके रोजाना दर्शन हो सकें जिससे भगवान का आशीर्वाद मिलता है उनके दर्शनों से मिलने वाली सकारात्मकता हम तक पहुंच सके। ऐसे में अगर तिजोरी में भगवान की स्थापना करते हैं तो यह बहुत जरूरी हो जाता है कि तिजोरी फिर बंद न की जाए। सीधे-सीधे कहें तो भगवान को तिजोरी में रखा जा सकता है लेकिन इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि तिजोरी का द्वार खुला रहे और बंद न किया जाए। इसके अलावा, यह भी जरूरी है कि तिजोरी में भगवान की मूर्ति स्थापित करने के बाद भी उनकी नियमित पूजा और आरती करनी चाहिए। तभी तिजोरी में रखी देवी-देवताओं की प्रतिमा सिद्ध होती है और उनकी स्थापना का शुभ प्रभाव घर और घर के सदस्यों पर नजर आता है।

घर की तिजोरी में अगर भगवान की मूर्ति स्थापित कर रहे हैं तो इस बात का भी ध्यान रखें कि नियमित रूप से भगवान की प्रतिमा को तिजोरी से निकाल कर स्वच्छ करें और देवी-देवता का तिलक कर उनका श्रृंगार भी करें। साथ ही, देवी-देवता को उनके प्रिय पुष्प भी चढ़ाएं।

कार्नर न्यूज

## जायका सिर्फ मसालों से ही नहीं आता बल्कि मसालों का सही इस्तेमाल भी जरूरी

# खाने में स्वाद का दोगुना तड़का लगाना चाहते हैं तो कुछ नए तरीके जरूर आजमाएं, उंगलियां चाटते रह जाएंगे घर वाले

अगर आप खाने के स्वाद को दोगुना करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको कुछ टिप्स का ध्यान रखना होगा। आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में खाने के टेस्ट को बढ़ा सकते हैं। खाना बनाते समय अगर हम कुछ बातों का ध्यान रखे तो हम बेस्वाद खाने को भी स्वाद भरा बना सकते हैं। खाना बनाते वक्त अक्सर कुछ गलतियां ऐसी हो जाती है, जिससे खाने का स्वाद खराब हो जाता है। ऐसे में हम सभी को दोबारा से मेहनत करनी पड़ती है। यह दिक्कत उस समय ज्यादा बड़ी लगती है जब घर पर कोई मेहमान आने वाला हो और उसी समय खाने के साथ कुछ ऐसा हो जाए जिससे उसका टेस्ट बढ़ने की जगह खराब हो जाता है। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल की मदद कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिसका इस्तेमाल कर आप अपने खाने के स्वाद को बढ़ा सकती हैं।



### खाने का स्वाद बढ़ाने वाले टिप्स

बिरयानी बनाते समय इसके ऊपर से केसर वाले दूध के साथ दो चम्मच घी डालने से इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। भरवा भिंडी बनाते समय अगर आप इसकी स्टाफिंग में थोड़ा सा चाट मसाला मिला देते हैं तो इसका स्वाद बढ़ जाता है।

नर्म स्वादिष्ट तंदूरी रोटी बनाने के लिए इसका आटे में हल्का सा दही मिलाएं। चपाती के आटे को गर्म पानी की सहायता से गूथें। खीर में उबाल आने के बाद उसमें थोड़ी सी खसखस डालें। इससे खीर गाढ़ी और स्वादिष्ट बनेगी।

भिंडी की सब्जी पकाते समय उसमें नींबू का रस और भुना हुआ बेसन मिलाएं। इससे सब्जी चिपचिपी (खाने का स्वाद बढ़ाए मसालों का यह मेल) नहीं बनती। किसी भी सब्जी का ग्रेवी बनाने



के लिए जब आप प्याज को भूनते हैं उस समय इसमें एक चुटकी चीनी डाल दें। इससे ग्रेवी का रंग खिलकर आता है। पनीर के टुकड़े को फ्राई करने से पहले गर्म पानी में डालकर रखें। ऐसा करने से पनीर के टुकड़े सॉफ्ट रहेंगे। पालक की पूरी को स्वादिष्ट बनाने के लिए जिस पानी में पालक को बॉयल करें उसी पानी से आटे को गूथें। चावल बनाते समय उसमें दालचीनी का छोटा सा टुकड़ा डालें। इससे चावल खुशबूदार और स्वादिष्ट बनेंगे। आटे के लड्डू बनाते समय, उसके मिश्रण में गोंड और खरबूजे के बीज की गिरी मिला दें। इससे इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है।


अगर आप बिना अंडे का केक बना रहे हैं तो इसके बैटर में एक पका हुआ केला और थोड़ा सा मीठा दही मिलाएं। इससे केक टेस्टी और फ्लफी बनेगा। अगर आप अपने खाने में प्याज का इस्तेमाल नहीं करना चाहती हैं तो हींग को कुछ समय के लिए अदरक के रस में मिलाकर रख दें। ऐसा करने से जब आप इसका इस्तेमाल सब्जी में करेंगे तो उसमें प्याज का टेस्ट आएगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'फैंटास्टिक फोर' फेम अभिनेत्री जेसिका अल्बा तोड़ रहीं 16 साल लंबी शादी

'फैंटास्टिक फोर'फेम अभिनेत्री और हॉलीवुड स्टार जेसिका अल्बा ने अपने 16 साल की शादी के बाद अपने पति कैश वारेन से तलाक की घोषणा की है।



43 वर्षीय एक्ट्रेस, जो 'फैंटास्टिक फोर', 'सिन सिटी', 'इनटू द ब्लू' और 'अवेक' जैसी परियोजनाओं में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक बयान में यह खबर साझा की। अल्बा के इस फैसले ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री ने कहा, ₹मैं वर्षों से खुद की खोज और परिवर्तन की यात्रा पर हूं अकेले भी और कैश के साथ भी। मुझे इस बात पर गर्व है कि पिछले 20 वर्षों में हम एक जोड़े के रूप में और अपने विवाह में कैसे आगे बढ़े हैं और अब समय आ गया है कि हम अकेले ही आगे बढ़ें।" 43 वर्षीय अल्बा और वॉरेन ने 2008 में शादी की थी और दोनों तीन बच्चों, बेटियां ऑनर, 16 और हेवन, 13 के साथ-साथ सात वर्षीय बेटे हेस के माता-पिता हैं। अल्बा ने कहा, ₹हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम, दया और सम्मान के साथ आगे बढ़ रहे हैं और हमेशा एक परिवार की तरह रहेंगे। अल्बा ने कहा, ₹हमारे बच्चे हमारी प्राथमिकता हैं और हम इस समय गोपनीयता बनाए रखने का अनुरोध करते हैं।₹ अभिनेत्री का यह बयान अमेरिकी मीडिया में यह रिपोर्ट आने के कुछ दिनों बाद आया है कि वह और वॉरेन पहले ही अलग हो चुके हैं और तलाक लेने की योजना बना रहे हैं। एक सूत्र ने बुधवार को मनोरंजन समाचार आउटलेट यूएस वीकली को बताया कि दोनों को अपनी शादी के दौरान कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने ये फैसला लिया।

### टॉलीवुड

## 'हरि हर वीरा मल्लू' का पहला गाना जारी, दर्शकों पर चला पवन की आवाज का जादू

हरि हर वीरा मल्लू का पहला गाना आखिरकार रिलीज हो गया है और सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। 'माता विनाली' वीडियो में पावरस्टार पवन कल्याण को तेलंगाना बोली में प्रभावशाली संवाद बोलते हुए उनके बेहतरीन अंदाज में दिखाया गया है। साउथ फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' सुपरस्टार पवन कल्याण की मुख्य भूमिका में एक बड़े बजट के साथ बनाई जा रही है। फिलहाल फिल्म की शूटिंग तेजी से की जा रही है। यह फिल्म अपनी ज्यादातर शूटिंग पहले ही पूरी कर चुकी है। आखिरकार निर्माताओं ने अपना वादा पूरा किया और अब उन्होंने फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है। हरि हर वीरा मल्लू का पहला गाना आखिरकार रिलीज हो गया है और सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। 'माता विनाली' शीर्षक वाले इस गीतात्मक वीडियो में पावरस्टार पवन कल्याण को तेलंगाना बोली में प्रभावशाली संवाद बोलते हुए उनके बेहतरीन अंदाज में दिखाया गया है। हुक लाइन, 'विनाली, वीरामल्लू माता चेब्थे विनाली' गाने की दिल को छू लेने वाली थीम को दर्शाती है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए लिखा, 'पावर स्टार पवन कल्याण गारु के गरजने वाले स्वरों के साथ पावरफुल होने के लिए पूरी तरह तैयार।' पवन कल्याण न केवल फिल्म में अभिनय कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने गाने के तेलुगु संस्करण को अपनी आवाज भी दी है, जिसे पेंचल दास ने लिखा है। तमिल संस्करण में पा विजय के बोल हैं। दोनों संस्करणों का संगीत प्रसिद्ध एमएम कीरवाणी ने बनाया है। गाने के लॉन्च के समय की घोषणा करने के लिए पवन कल्याण का एक नया पोस्टर जारी किया गया, जिसमें अभिनेता अपने हाथ में डफली पकड़े हुए आकर्षक लग रहे हैं। 'हरि हर वीरा मल्लू' की कहानी के बात करें तो यह फिल्म साम्राज्यवादियों के खिलाफ आजादी के लिए एक योद्धा के संघर्ष की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी।



### भोजपुरी

## डीप नेक साइड कट ड्रेस में मोनालिसा ने लूटा फैंस का चैन

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस अपनी अदाओं और दमदार लुक से फैंस को अपना कायल कर लेती हैं। उनकी हालिया तस्वीरें इसका सबूत हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस अपनी अदाओं और दमदार लुक से फैंस को अपना कायल कर लेती हैं। उनकी हालिया तस्वीरें इसका सबूत हैं। मोनालिसा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज में वे इतनी हसीन दिख रही हैं कि फैंस उनपर से अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। मोनालिसा ने हाल ही में ब्लू कलर की शिमरी ड्रेस में अपना सिजलिंग लुक फैंस को दिखाया है। इस साइड कट और डीप नेक ड्रेस में वो कमाल लग रही हैं। अपने लुक को एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर हील्स के साथ पूरा किया था। उनके स्टार शेप वाले ईयररिंग्स उनके लुक में चार चांद लगा रहा था। लाइट मेकअप और हल्की लिपस्टिक को मोनालिसा ने शिमरी ब्लू आई मेकअप के साथ बैलेंस किया था। मोनालिसा ने इस दौरान अपना हेयरस्टाइल कर्ली बन रखा।



फैशन




थाई-हाई स्लिट का फैशन

हाल ही में मुंबई में हुए एक फैशन शो में कुछ डिजाइनरों ने थाई-हाई स्लिट को अपने ढंग से पेश किया। माना जाता है कि थाई-हाई स्लिट किसी भी आउटफिट के ग्लैमर को कई गुना बढ़ा देती है। फैशन में थाई-हाई स्लिट वाले कई लुक देखने को मिले, जिससे यह बात साबित होती है कि यह ट्रेंड कहीं खत्म नहीं होने वाला है। फीमेल और मेल दोनों मॉडल ने यहां शो में खूब सुर्खियां बटोरी।

# अपने आप टूट रहे हैं नाखून तो ऐसे रखें इनका ध्यान

नाखूनों का ध्यान रखने के कुछ सिंपल टिप्स जानना जरूरी है। कई बार नाखून टूटने की शिकायत होती है। इससे भी बचाव संभव है। जरूरी है कि सर्दी के इस मौसम में हमेशा दस्ताने पहन कर रखें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो सर्द हवाओं की वजह से आपके नाखून कमजोर होकर अपने आप ही टूटने लगेंगे। लगभग सभी लोग सर्दी के इस मौसम में गर्म पानी इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में नाखून काफी ज्यादा कमजोर होने लगते हैं। अगर आपके नाखून में कमजोर हो रहे हैं तो इन्हें गर्म पानी से दूर रखें। अगर आप अपने नाखूनों को अंदर से मजबूत बनाना चाहते हैं, तो उनकी हर रोज मालिश करें। इसके लिए आपको बस नारियल या बादाम का तेल लेना है, और उसकी मदद से हल्के हाथ से नाखूनों की मालिश करनी है। हाथों के साथ-साथ नाखूनों को पोषण देने में भी हैंडक्रीम काफी अच्छा काम करती है। ऐसे में सर्दी के मौसम में समय-समय पर हैंडक्रीम का इस्तेमाल करें। अगर आप सर्दी के इस मौसम में आप अपने नाखूनों के क्यूटिकल को साफ नहीं रखेंगे, तो इससे गंदगी जमा होती जाएगी। इसी गंदगी की वजह से नाखून कमजोर हो जाते हैं और टूटने लगते हैं।



## राष्ट्रीय पर्व पर पहनें पारंपरिक परिधान, स्टाइलिश दिखेगा लुक



फैशन

गणतंत्र दिवस का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास है। ये दिन देशभर में 26 जनवरी को बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। हमारे इस राष्ट्रीय पर्व में अब सिर्फ हफ्ता भर बचा है। जाहिर है तैयारियां तो तेज होंगी ही। इस मौके पर जगह-जगह पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। अगर आप भी इस दिन खास तरह से तैयार होना चाहते हैं, तो हम आपको इसके कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं। दरअसल, फिल्म जगत में कई ऐसे अभिनेता हैं, जिनके पास एथनिक का काफी शानदार कलेक्शन है। ऐसे में आप इन्हीं अभिनेताओं से टिप्स लेकर गणतंत्र दिवस के दिन तैयार हो सकते हैं। इन अभिनेताओं की लिस्ट में कार्तिक आर्यन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन शामिल हैं।

**वरुण धवन:** इस तरह का प्लेन सफेद कुर्ता और पायजामा आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। इस लुक के साथ जब आप तिरंगा पकड़ेंगे तो आपका अंदाज काफी क्लासी दिखेगा।

**वरुण धवन का दूसरा लुक:** आप चाहें तो इस तरह का धोती कुर्ता गणतंत्र दिवस के दिन कैरी कर सकते हैं। ऐसा धोती-कुर्ता आपको स्टाइलिश दिखने में भी मदद करेगा।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा:** अपने लुक्स की वजह से पहचाने जाने वाले सिद्धार्थ मल्होत्रा का हर लुक कमाल का होता है। खासतौर पर अगर बात करें उनके एथनिक लुक्स की तो आप इससे टिप्स लेकर तैयार हो सकते हैं। उनका ये वर्क वाला कुर्ता गणतंत्र दिवस के दिन के लिए एक परफेक्ट विकल्प है।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा का दूसरा लुक:** इस तरह का पिंक रंग का कुर्ता आपको अलग दिखने में मदद करेगा। इसे आप व्हाइट रंग के पायजामे के साथ पहन सकते हैं। इसके साथ पैरों में कोल्हापुरी चप्पल ही पहनें।

**कार्तिक आर्यन:** अगर आप कार्तिक के इस लुक से टिप्स लेंगे तो आपका लुक काफी रॉयल लगेगा। इसके लिए आप हैवी वर्क वाला ऐसा कुर्ता कैरी कर सकते हैं। आपको बाजार में आसानी से चिकनकारी वर्क वाला कुर्ता मिल जाएगा।

**कार्तिक आर्यन का दूसरा लुक:**अगर आप कुछ ऐसा पहनने का सोच रहे हैं, जो सिंपल और सोबर दिखे तो आप कार्तिक के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। गणतंत्र दिवस के दिन पील रंग का कुर्ता देखने में कमाल का लगता है।

## स्किन केयर में होने वाली इन गलतियों से खो सकता है आपकी त्वचा का निखार

सर्दी का मौसम चल रहा है, ऐसे में त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर इस मौसम में स्किन का सही से ध्यान ना रखा जाए तो त्वचा में कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। ऐसे में चेहरे का ध्यान रखने के लिए ज्यादातर लोग घर पर ही स्किन केयर करते हैं। घर पर स्किन केयर करना वैसे तो काफी आसान है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि जब हम घर पर स्किन केयर करते हैं, तो कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जो हम कर देते हैं, क्योंकि इनके बारे में हमें पता नहीं होता है। इन गलतियों की वजह से स्किन केयर का हमारी त्वचा पर काफी गलत असर भी पड़ने लगता है।

### सनस्क्रीन ना लगाना

अक्सर लोग ऐसा सोचते हैं, कि सर्दी के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल क्यों ही करना? लेकिन क्या आप जानते हैं, कि गर्मी की तरह ही सर्दी के मौसम में भी सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है।



### सही स्किन टाइप का ना जानना

सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## नई बहू के पैरों में खूब जचेंगी बिछिया के ये डिजाइंस

दुल्हन के श्रृंगार में सिर से लेकर पांव तक ढेरों गहने लग जाते हैं। अधिकांश लोगों का ध्यान केवल उन गहनों पर जाता है जो आसानी दिख जाते हैं, मगर पैरों में पहने जाने वाली बिछिया का भी बहुत महत्व है। महत्व के साथ-साथ अब यह फैशन का भी हिस्सा बन चुकी है। इसलिए बाजार में आपको एक से बढ़कर एक बिछिया की डिजाइंस नजर जा जाएंगी।

### मल्टी कलर स्टोन बिछिया डिजाइन

आजकल बाजार में जंक ज्वेलरी की ढेरों डिजाइंस और पैटर्न दिख जाएंगे, प्योर सिल्वर में भी आपको जंक स्टाइल ज्वेलरी देखने को मिल जाएगी। जंक ज्वेलरी में आपको टो रिंग भी मिल जाएगी। इस तरह की टो रिग में आपको मल्टी कलर स्टोन वर्क मिल जाएगा, जो दिखने में बहुत ही खूबसूरत लगता है। बेस्ट बात तो यह है कि आप इस तरह की बिछिया को किसी भी वेस्टर्न स्टाइल के आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। आपको इसमें हैवी और लाइट दोनों ही वेट की बिछिया डिजाइंस देखने को मिलेंगी। आपको इसमें पायल के साथ अटैच्ड बिछिया भी मिल जाएंगी और चारों उंगलियों और अंगूठे के लिए स्टाइलिश बिछिया सेट मिल जाएंगे। इस तरह के सेट में आपको चेन स्टाइल में भी बिछिया सेट मिल जाएंगे।




आपको सुनकर शायद अजीब लग रहा होगा मगर अब वेस्टर्न लुक एंड फील वाली टो-रिंग भी बाजार में आ रही हैं।

कार्नर न्यूज

स्टाइलिश और सबसे अलग दिखने कीजिए तुरंत शुरूआत

# सर्दियों में आउटफिट्स को स्टाइल करना मुश्किल नहीं, प्लीटेड स्कर्ट के लिए अपनाएं खास टिप्स

सर्दियों के मौसम में किसी भी आउटफिट्स को स्टाइल करना काफी मुश्किल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें समझ नहीं आता की उसके साथ ऐसा क्या गर्म कपड़े को स्टाइल करें, ताकि आप स्टाइलिश भी लगे और सबसे अलग भी नजर आए। जब बात आती है प्लीटेड स्कर्ट को वियर करने की तो इसके लिए आप इस आर्टिकल में बताए गए टिप्स को ध्यान में रख सकती हैं। इससे आपका लुक भी परफेक्ट लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलेगा।




### लॉन्ग कोट के साथ करें स्टाइल

स्कर्ट पहनने के बारे में सोच रही हैं तो अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप लॉन्ग कोट के साथ इसे वियर कर सकती हैं। इसमें आपको ड्रेस के कॉन्ट्रास्ट में अपने लिए कोट लेना होगा। जिसे आप इसके साथ स्टाइल कर सके। इसके बाद आप चाहें तो बेल्ट को एड कर सकती हैं, ताकि कोट के साथ लुक में थोड़ा ग्रेस आ सके। लॉन्ग कोट आपको मार्केट में काफी सारे मिल जाएंगे जिन्हें आप 500 से 1000 रुपये में खरीद सकती हैं।

### हाईनेक के साथ करें स्टाइल

अगर आपको स्कर्ट के साथ कुछ कोट या स्वेटर वियर नहीं करना है तो आप स्कर्ट के साथ हाईनेक (शहनाज गिल के साड़ी लुक्स) को पेयर कर सकती हैं। आजकल काफी फैंसी डिजाइंस की हाई नेक मिल जाती है, जो पहनने में भी अच्छी लगती हैं और लुक को क्लासी बनाती हैं। इसके साथ पहनकर आप स्कर्ट ऑफिस भी जा सकती हैं। मार्केट में ये हाईनेक आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी।



### बूट्स करें वियर

स्कर्ट में कम्फर्टेबल रहने के लिए आपको फुटवियर भी वियर करने पड़ेंगे। ऐसे में आप लॉन्ग बूट्स को स्टाइल (विंटर आउटफिट टिप्स) कर सकती हैं। यह काफी स्टाइलिश लगते हैं। आजकल के फैशन ट्रेंड में भी काफी चल रहे हैं। इसमें आपको ब्लैक, ब्राउन, लाइट ग्रे यहां तक की व्हाइट कलर भी मिल जाएंगे। जिसे आप स्कर्ट के कलर से मैच करके पहन सकती हैं। इन टिप्स की मदद से आप प्लीटेड स्कर्ट को स्टाइल कर सकती हैं और लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।